हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 1 फरवरी 2025



# चावल में कनकी मिलाकर सप्लाई, नान ने किए मिलर्स के आठ लॉट कैंसिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

धान की मिलिंग के बाद राईस मिलर्स द्वारा एफसीआई में जमा किए जा रहे चावल में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी सामने आ रही है। जनवरी महीने में ही जमा हो रहे चावल में कनकी होने के मामले सामने आए हैं। जिसके बाद अफसरों ने कार्रवाई करते मिलर्स द्वारा जमा किए गए आठ लॉट को कैंसिल कर दिया है। वहीं मिलर्स की सुस्त चाल का असर गरीबों को मिलने वाले राशन में भी देखने को मिल रहा है। फरवरी महीने के लिए राशन आबंटन का कोटा अब तक पूरा नहीं हो पाया है।

## मिलर्स की लगातार लापरवाही की आ रही शिकायतें, चावल जमा नहीं होने से अटकेगा राशन वितरण!

### 41 हजार क्विंटल चावल जमा

नॉन के अधिकारियों ने बताया कि मिलर्स द्वारा नॉन में अब तक सिर्फ 41 हजार क्विंटल ही चावल जमा किया गया है। मिलर्स द्वारा धान उठाव के एवज में सिर्फ 41 हजार क्विंटल चावल जमा करने से नॉन में चावल का स्टाक नहीं है। ऐसे में फरवरी माह में पीडीएस के तहत राशन दुकानों में चावल सप्लाई करना संभव नहीं है। जबकि हर माह 75 हजार क्विंटल चावल पीडीएस के तहत राशन दुकानों में सप्लाई होती है।



### 87 मिलर्स से अनुबंध

खरीदी केन्द्रों से धान उठाव करने के लिए जिले में कुल 87 राईस मिलर्स से अनुबंध हुआ है। मिलर्स द्वारा अब तक खरीदी केन्द्रों से 42 लाख क्विंटल धान का उठाव किया गया है। जिसमें नान में 41 हजार क्विं और एफसीआई में 16 हजार क्विंटल चावल जमा किया गया है।

### 812 में नॉन फॉर पीडीएस

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 907 सरकारी राशन दुकान संचालित है। इसमें 812 दुकानों में नागरिक आपूर्ति निगम से मिलर्स द्वारा जमा कराए गए चावल की सप्लाई होती है। इन राशन दुकानों में नॉन द्वारा 75 हजार क्विंटल चावल सप्लाई किया जाता है, लेकिन मिलर्स द्वारा अब तक सिर्फ 41 हजार क्विंटल चावल ही जमा किया गया है। नॉन के गोदाम में सिर्फ 30 हजार क्विंटल चावल स्टाक है। ऐसे में फरवरी माह में गरीबों को चावल मिलने पर संशय है।

उल्लेखनीय है कि किसानों से धान खरीदने के बाद सरकार उसे मिलर्स को देती है। मिलर्स धान की मिलिंग कर उसे चावल बनाकर एफसीआई, नान में जमा करते हैं, लेकिन मिलर्स द्वारा मुनाफाखोरी करने के लिए साबूत चावल दाना देने की जगह कनकी भी मिलाकर जमा कराया जा रहा है। राजनांदगांव कस्टम मिलिंग के तहत धान का उठाव करने वाले जिले के मिलर्स की मनमानी सामने आ रही है। मिलर्स द्वारा कस्टम मिलिंग के तहत चावल में बड़ी मात्रा में कनकी व भूसा मिले होने का मामला सामने आने के बाद नागरिक खाद्य आपूर्ति विभाग में चावल जमा नहीं करने का मामला सामने आया है।

## शहर के 11 वार्डों में सीधी टक्कर, वार्ड क्रमांक 39 में सर्वाधिक 7 प्रत्याशी

# चुनावी तस्वीर साफः मेयर पद के लिए 11, पार्षद बनने 176 प्रत्याशी मैदान में

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नाम वापसी प्रक्रिया समाप्ति के साथ ही अब नगरीय निकाय चुनाव को लेकर तस्वीर साफ हो गई है। राजनांदगांव महापौर बनने के लिए अब 11 प्रत्याशी मैदान में शेष रह गए हैं, दो अभ्यर्थी ने अपना नाम वापस ले लिया। वहीं पार्षद बनने के लिए नामांकन दाखिल करने वाले 230 में से 54 ने नाम वापस ले लिया। जिसके बाद शहर के 51 वार्डों में अब 176 प्रत्याशी मैदान में बच गए हैं। सभी निर्दलियों को शुक्रवार को ही चुनाव चिन्ह का आबंटन भी कर दिया गया है।

इधर चुनाव चिन्ह मिलने के बाद आज से प्रचार अभियान तेजी पकड़ता नजर आएगा। सभी वार्डों में प्रमुख राजनीतिक दलों के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी भी अपना बैनर-पोस्टर लगाने के साथ ही चुनावी रैली निकालते नजर आएंगे। ज्ञात हो कि 11 फरवरी को मतदान होना है। ऐसे में 9 फरवरी की शाम को ही चुनावी शोरगुल थम जाएगा। ऐसे में अब प्रत्याशियों के पास अपने लिए वोट मांगने का 9 दिन ही शेष रह गया है। यह भी एक कारण है कि आज से पूरे शहर में चुनावी माहौल देखने को मिलेगा। चुनावी बैनर-पोस्टर छापने का काम करने वाले लोगों के पास भी आर्डर आ चुके हैं। इसके साथ ही वॉल पेंटिंग का काम भी शुरू हो गया है। अविभाजित जिले में डोंगरगढ़ नगर पालिका, छुईखदान नपं, गंडई नपं, अंबागढ़ चौकी नपं, डोंगरगांव नपं, छुरिया नपं और एलबी नगर नपं में भी चुनावी तस्वीर साफ हो गई है।




### 18 वार्डों में सीधी टक्कर

शहर के 51 में से 18 वार्ड ऐसे है जहां कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधी टक्कर है। इनमें वार्ड क्रमांक 3, 8, 13, 14, 21, 30, 31, 32, 35, 38, 42, 43, 44 शामिल है। वहीं सबसे अधिक प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 39 में है। कई वार्डों में त्रिकोणीय मुकाबले की भी स्थिति निर्मित है।

### मेयर के लिए यह मैदान में

नाम वापसी के बाद महापौर की रेस में 11 प्रत्याशी शेष रह गए हैं। जिनमें भाजपा से मधुसूदन यादव, कांग्रेस से निखिल द्विवेदी, बसपा से शमशुल आलम, आप से कमलेश स्वर्णकार, निर्दलीय के रूप में राजेश गुप्ता सीटी छाप, राकेश ठाकुर बांसुरी छाप, महेंद्र लाल जंघेल छड़ी छाप, माखन यादव शिवसेना, संदीप शुक्ले सीसी टीवी कैमरा छाप, दीपा रामटेके लैपटॉप छाप और केवल रजक कुंआ छाप शामिल है। वहीं दो अभ्यर्थी अजीत जैन और डॉ. केएल टांडेकर ने अपना नाम वापस ले लिया है।

### कुछ माने, कई अब भी डटें

इधर पार्षद पद को लेकर जमा हुए कुल 230 नामांकन में से अंतिम समय से पहले तक 54 ने अपना नाम वापस ले लिया है। जिसके बाद अब पार्षद पद के लिए 51 में कुल 176 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। नाम वापस लेने वालों में अधिकांश चेहरे कांग्रेस और भाजपा पार्टी से जुड़े हुए हैं। नेताओं के मान-मनौवल के बाद नाराज कार्यकर्ताओं ने पार्टी के निर्णय के आगे अपना नामांकन वापस ले लिया। हालांकि अब भी दो दर्जन से अधिक ऐसे वार्ड हैं, जहां बागी होकर मैदान में डटे प्रत्याशी अपने-अपने दलों का समीकरण बिगाड़ेंगे।

### डोंगरगांव-छुरिया-एलबी नगर में चार के बीच जंग, गंडई और छुईखदान में आमने-सामने की लड़ाई

नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद डोंगरगांव नगर पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में कुल चार प्रत्याशी शेष रह गए हैं। ऐसे ही डोंगरगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए 6, छुरिया नगर पंचायत अध्यक्ष बनने चार, एलबी नगर नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए 4 प्रत्याशी ही मैदान में शेष हैं। इधर अंबागढ़ चौकी नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए 4, छुईखदान नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए 2 और गंडई नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए कुल 2 प्रत्याशी चुनावी मैदान में शेष है।

# घर में छुपा रखी थी एमपी की शराब 250 पौवा जब्त, कोचिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट है। जिसके तहत मोहारा पुलिस ने खंडहर घर से मप्र निर्मित शराब जब्त कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। नगरीय निकाय चुनाव एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने व क्षेत्र में चुनाव शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष संपन्न कराने हेतु थाना डोंगरगढ़ एवं ओपी मोहारा पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों, संदिग्धों, चाकूबाज एवं अन्य असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्रवाई कर रही है।



आरोपी द्वारा छत्तीसगढ़ में नान ड्यूटी पेड शराब का अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु शराब रखना पाए जाने से उक्त शराब को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में शराब छोड़ने वाले अन्य आरोपी बिना नंबर की स्कॉर्पियो के चालक नंदकिशोर उर्फ नीतू वर्मा उर्फ छोटे कट्टी निवासी मोहारा का पता तलाश की जा रही है।

**250 पौवा शराब बरामद :** पुलिस के अनुसार 30 जनवरी को मोहारा पुलिस को ग्राम रूवांतला निवासी अजीत वैष्णव द्वारा अपनी एक खंडहर मकान में पांच खाकी रंग के कार्टून में मप्र निर्मित अंग्रेजी गोवा शराब अवैध रूप से बिक्री करने के लिए रखा हुआ है कि सूचना मिली। इस सूचना पर मोहारा पुलिस विधिवत कार्रवाई करते आरोपी अजीत वैष्णव 22 साल साकिन ग्राम रूवांतला के घर एवं उसके संरक्षण के उसकी बुआ के खंडहर घर की तलाशी लिया गया, जिस पर उसके बुआ के खंडहर घर में जिसका देखरेख अजीत वैष्णव करता है। जिसमें 5 खाकी रंग के कार्टून में मप्र निर्मित अंग्रेजी गोवा स्प्रीट स्मूथनेश व्हीस्की शराब प्रत्येक कार्टून में 50-50 नग, जिसमें प्रत्येक पौवा में 180-180 एमएल शराब भरी हुई जुमला 250 नग पौवा कुल मात्रा 45.000 बल्क लीटर कीमती 33750 रुपए मिला।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➔ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➔ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➔ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

# नांदगांव में 70 लाख क्विं आवक, खैरागढ़ में 40 एमएमसी जिले में 22 लाख क्विंटल धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले करीब ढाई महीने से जारी धान की सरकारी खरीदी 31 जनवरी को थम गई है। अंतिम अवधि तक जिले में 70 लाख क्विंटल धान की आवक देखने को मिली है। वहीं मोहला मानपुर जिले में 22 लाख और खैरागढ़ जिले में 40 लाख क्विंटल धान किसानों ने सरकार को बेचा है। धान बेचने वाले किसानों की संख्या भी लगभग 2.32 लाख रही।



इधर पंजीयन कराने के बाद भी अंतिम समय तक 15235 किसान धान बेचने के लिए उपार्जन केंद्रों तक नहीं पहुंचे। इनमें राजनांदगांव जिले के 6900, मोहला मानपुर जिले के 4015 और खैरागढ़ जिले के 4342 किसान शामिल हैं। ज्ञात हो कि भले ही तय टारगेट को पूरा नहीं किया जा सका हो, लेकिन पिछले साल के मुकाबले इस बार तीनों ही जिलों में अधिक धान की आवक देखने को मिली है।

**टारगेट से दूर रही खरीदी :** नांदगांव जिले में 7737560 क्विंटल धान खरीदी का टारगेट था। जिसमें 70 लाख क्विंटल धान ही खरीदा गया। खैरागढ़ में 4263510 क्विंटल का लक्ष्य के मुकाबले खरीदी 40 लाख क्विंटल हुई है। मोहला-मानपुर में 23 लाख क्विंटल खरीदी का टारगेट था, खरीदी 22 लाख क्विंटल हो चुकी है।

### ज्ञान यज्ञ समारोह शुरू

**राजनांदगांव।** संत सम्राट सदगुरू कबीर त्रि-दिवसीय ज्ञान यज्ञ का आयोजन ग्राम सुरगी में 31 जनवरी से प्रारंभ हो गया है। जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में साध्वी ज्योति साहेब कबीर आश्रम सुठालिया राजगढ मप्र हैं। ज्ञान यज्ञ में आज पहले दिन बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। यह आयोजन 1 एवं 2 फरवरी को सुबह 11 से 1.30 बजे तक एवं दोपहर 3 से 5.30 बजे तक चलेगा। उक्त आयोजन को लेकर भक्तों में उत्साह का माहौल है।




## एमएमसी जिले के थे कांग्रेस अध्यक्ष

# कांग्रेस अध्यक्ष मानिकपुरी ने छोड़ी पार्टी सभी पदों से इस्तीफा, निर्दलीय लड़ेंगे चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव-मोहला

अंबागढ़ चौकी नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए कांग्रेस द्वारा टिकट काटे जाने से नाराज मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता और जिला अध्यक्ष के पद से पार्टी को इस्तीफा सौंप दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के नाम भेजा है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल मानिकपुरी ने राजनांदगांव में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते अपने इस्तीफा के माध्यम से कहा है कि उन्होंने बड़े दुखी मन से पार्टी छोड़ने का फैसला किया है। वह वर्ष 1988 से कांग्रेस के छात्र संगठन से जुड़कर अपनी राजनीति की शुरूआत की थी और आज नवीन जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद तक 36 वर्षों से कांग्रेस के निष्ठावान समर्पित कार्यकर्ता के रूप में पार्टी को तन-मन-धन से योगदान दिया है।

### लोकसभा-विधानसभा में दिलाई जीत



अनिल मानिकपुरी ने इस्तीफा में जिक्र किया कि लोकसभा चुनाव के दौरान उनके जिले के विधानसभा क्षेत्र मोहला-मानपुर से कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को 32 हजार की ऐतिहासिक लीड मिली। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी को अपने जिले के अंबागढ़ चौकी ब्लॉक के 69 मतदान केन्द्रों में लगभग सात हजार लीड दिलाने उन्होंने योगदान दिया। इसी तरह लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को अपने जिले से 48 हजार की प्रचंड लीड दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### सिर्फ संगठन मजबूत करने का दिया दायित्वः अनिल

श्री मानिकपुरी ने कहा कि मुझे लगता है पार्टी को मेरी आवश्यकता केवल संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाने एवं पार्टी को मजबूत करने के लिए ही रह गई है। उनके साथ वर्ष 2019 में सीएम हाऊस से फोन आने के नाम पर अन्याय हुआ और 2024 में पुनः पार्टी ने उन्हें विधानसभा के प्रबल दावेदार होने के बाद भी टिकट नहीं दिया।

### प्रतिनिष्ठा का ऐसा सिला!

अनिल मानिकपुरी ने कहा कि पार्टी की निष्ठा का उन्हें यह परिणाम मिला कि तेरे-मेरे के चक्कर में मेरी उनकी टिकट काट दी गई।

समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
डॉ. दीपिका जैन
बी.डी.एस., एम.डी.एस.
(आथोर्डोंटिक्स एवं डेन्टोफेशियल सर्जन)
फ्रेक्चर जबड़े का ईलाज
मुंह कम खुलने का उपचार
इम्प्लांट द्वारा फिक्सड दांत लगाना
सभी प्रकार के मुंह के कैंसर एवं छाले का उपचार
उपलब्ध सुविधाएं
सिंगल सिटिंग रूट कैनाल ट्रीटमेंट
टेढ़े-मेढ़े एवं बाहर निकले दांतों का उपचार (मेटल/सिरेमिक ब्रेसेस द्वारा)
ब्लीचिंग द्वारा दांत सफेद करना
लेजर/दांत के रंग की फिलिंग
दांत निकालना
आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा
- अपॉईटमेंट हेतु संपर्क करें - 077443 56654
परामर्श समय :- सुबह 10 से शाम 7 बजे तक
बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड राजनांदगांव (छ.ग.)

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध: ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर
• सीने में भारीपन • धड़कन का कम या ज्यादा होना
• उच्च रक्तचाप, • चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक
• ब्लड शुगर, • थायराइड • कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन,
• चलने पर सांस फूलना, • पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व खराब होना आदि रोगों का उपचार.
• कंधों में जकड़न,
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

online Booking:-www.tripuryatra.com
चलो प्रयागराज पवित्र महाकुंभ 2025
नोट-महाकुंभ 2025 के डिलक्स, प्रीमियम पैकेज के लिए संपर्क करें
15, 16, 17 फरवरी 2025,
20, 21, 22 फरवरी 2025
-: सुविधाएं :-
स्पेशल स्लीपर बस, प्रयागराज (टेंट), नाश्ता, रात्रि भोजन, टूर गाइड
सहयोग राशि- 8100/-
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

# NB GROUP OF SCHOOLS

NB GROUP OF SCHOOLS – ज्ञानं परमं ध्येयम्



NEERAJ BAJPAYEE
FOUNDER AND DIRECTOR




## बसंत पंचमी (सरस्वती पूजा)

दिनांक 03.02.2025, सोमवार के शुभ मूहुर्त पर

प्री-नर्सरी/नर्सरी कक्षा में

विद्यारंभ संस्कार के साथ शाला प्रवेशित कर अथवा CLASS - 1 तक की कक्षाओं में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन कराने पर

**OFFER FOR NURSERY** (2025-26)

Rs 2000 + FEBRUARY MONTH PRE NURSERY CLASSES FREE

or

Rs 3000 i.e. ADMISSION FEE OFF
(CLASSES START FROM 1st APRIL)

**OFFER FOR KG-I, KG-II, CLASS 1**

ADMISSION FEE OFF

– ऑफर –
03 फरवरी तक
SUNDAY OPEN TIME : 11:00 AM TO 2:00 PM
(ALL CENTERS)

## NEERAJ BAJPAYEE INTERNATIONAL SCHOOL

(CBSE Affiliation No. : 3330241)

BORI, RAJNANDGAON | 93402-80363, 93408-74310 | TIME : 9:30 AM TO 10:30 AM

**NEERAJ PARENTS' PRIDE SCHOOL**
BALDEO BAGH: 70002-17171 | 62626-11851 — TIME : 9:00 AM TO 11:00 AM
JAI STAMBH CHOWK: 62626-11862 | 74893-61052 — TIME : 11:00 AM TO 12:00 PM
विद्यारंभ संस्कार समय

**NEERAJ FOUNDATION**
KIDS PREMIUM SCHOOL
NEW KHANDELWAL COLONY, KAMLA COLLEGE ROAD
97701-46727 | 74899-27692
TIME : 11:30 AM TO 12:30 PM
विद्यारंभ संस्कार समय

**NEERAJ VIDYA MANDIR**
A CO-EDUCATIONAL SENIOR SECONDARY SCHOOL - MOHAD
CBSE AFFILIATION NO. - 3330254
CITY SCHOOL - DONGARGAON
90399-25536, 74470-68653
TIME : 10:00 AM TO 11:30 AM
विद्यारंभ संस्कार समय

**MILESTONE PUBLIC SCHOOL**
CBSE AFFILIATION NO. : 3330176 | KHAIRAGARH
92019-94767, 92019-94768
TIME : 10:00 AM TO 11:30 AM
विद्यारंभ संस्कार समय

## NEERAJ BAJPAYEE International School

NBIS ज्ञानं परमं ध्येयम् — CBSE AFFILIATION NO. 3330241

*Delivering Academic Excellence Consistently*

## PW VIDYAPEETH

IIT-JEE | NEET | FOUNDATION

### SCHOOL INTEGRATED PROGRAM

Only School in Rajnandgaon

NBIS BORI

COLLABORATION WITH
**PHYSICS WALLAH**
Academic Excellence Partner!

Limited 40 Seats IN EACH CLASS

**FOR CLASS**
8th | 9th | 10th — Foundation
11th | 12th — IIT-JEE/NEET

CBSE बोर्ड की पढ़ाई के साथ-साथ FOUNDATION | IIT-JEE | NEET की तैयारी P.W. के शिक्षकों के द्वारा अब अपने राजनांदगांव शहर में...

**OFFLINE REGULAR CLASSES FOR**
IIT-JEE / NEET + CBSE BOARD

## आभार राजनांदगांव

PARENT'S WORK SHOP TO EXPLAIN ALL ABOUT
**PHYSICS WALLAH**
CLASSES AT RAJNANDGAON (C.G.)

TIME - 6:00 PM TO 7:45 PM - CLASS - 7th to 9th PARENTS
TIME - 8:00 PM TO 9:30 PM - CLASS - 10th & 11th PARENTS

With Hi Tea

9th FEBRUARY 2025, SUNDAY
- VENUE -
ABIS GREEN, RAJNANDGAON

**Career-9** — ENSURING CAREER SUCCESS

PARENT'S WORK SHOP

TIME - 6:00 PM TO 7:45 PM - CLASS - 10th to 12th
TIME - 8:00 PM TO 9:30 PM - CLASS - 6th to 9th

**SAT EXAM (SCHOLARSHIP)** — EXAM DATE - 12 & 16 FEBRUARY

TOPPER 100% | 2nd & 3rd - 50% | 4th & 5th - 40%
CONCESSION IN PW FEE (OPENING OFFER IN EVERY CLASSES)

FOR REGISTRATION SCAN HERE

अब करियर की नई दिशा अपने शहर राजनांदगांव में... DISCOVER YOUR CHILD'S HIDDEN POTENTIAL

OUR TEAM -



SUSHIL JHA — FOUNDER & CEO — Silicon Valley Entrepreneur



GUNJAN JHA — Vice President Training & Operations — Skills Training Veteran



SANJAY CHAKRABORTI — Vice President Customer Experience & Field Ops — Operations Wiz Kid



Dr. MIRA DESAI — PhD (Psychology) talent Whisperer — The Head & Heart Expert

## FOR REGISTRATION & ENQUIRY : 9340280363, 9340874310

BORI, KHAIRAGARH ROAD, RAJNANDGAON (C.G.) | nbis.rjn@gmail.com | www.nbisrjn.com

## WANTED

**TEACHING STAFF ALL SUBJECTS**
- PGT- POST GRADUATION WITH B.ED.
- TGT- GRADUATION WITH B.ED.
- PRT- GRADUATION WITH B.ED.
- NTT- GRADUATION WITH B.ED./NTT
- SPECIAL EDUCATOR
- LAB ASSISTANT

**NON-TEACHING STAFF**
- MBA/SCHOOL MARKETING & OUTREACH MANAGER
- TECHNICAL STAFF (CAMERA & GPS)
- ELECTRICIAN
- ACCOUNTANT
- DRIVER & CONDUCTOR

SCAN ME TO VISIT NBIS WEBSITE

**IMPORTANT INSTRUCTIONS**
1. EXPERIENCED CANDIDATE WITH EXCELLENT COMMUNICATION WILL BE PREFERRED.
2. ONLY SHORTLISTED CANDIDATES WILL BE CALLED FOR INTERVIEW.
3. APPLY WITH LATEST RESUME WITHIN 7 DAYS AT- nbis.rjn@gmail.com

## OPEN DAYS FOR ALL

पालकों से आग्रह है कि एक बार हमारी शाला अवश्य पधारें एवं यहाँ की व्यवस्था को करीब से देखें एवं अपने बच्चों क उत्तम भविष्य का निर्णय लें।

- TIME -
10:00 AM to 1:00 PM

वार्ड क्रमांक 1 | महिला : 475 पुरुष : 442 | 917
गीता सलामे | कुंती आल्हा

वार्ड क्रमांक 2 | महिला : 506 पुरुष : 460 | 966
वैशाली बोरकर | निर्मला मालेकर

वार्ड क्रमांक 3 | महिला : 342 पुरुष : 283 | 625
प्रियंक जैन | संतोष यादव
निर्दलीय : विक्रम लहरे शिवसेना

वार्ड क्रमांक 4 | महिला : 278 पुरुष : 279 | 557
संजय मुटकुरे | रोहित गुप्ता
रविशंकर शुक्ला, अक्षय जैन चंकी, ज्ञानेश्वर हिरवानी, विकास गुप्ता

वार्ड क्रमांक 5 | महिला : 473 पुरुष : 466 | 939
अखिलेश नखत | प्रफुल्ल जैन राजा

वार्ड क्रमांक 6 | महिला : 315 पुरुष : 289 | 604
अरुणा देवांगन | गायत्री यादव
निर्दलीय : संगीता यादव

वार्ड क्रमांक 7 | महिला : 322 पुरुष : 300 | 622
सतीश वैष्णव | कोमल साहू
निर्दलीय : सिद्दीक बड़गुजर

वार्ड क्रमांक 8 | महिला : 491 पुरुष : 483 | 974
श्रुती शुक्ला | रीतु सोनकर
निर्दलीय : नफीसा बड़गुजर, वर्षा सोनी

वार्ड क्रमांक 9 | महिला : 356 पुरुष : 349 | 705
अजय मंडलोई | लीलाराम मंडलोई

वार्ड क्रमांक 10 | महिला : 491 पुरुष : 508 | 999
महेन्द्र वैष्णव | लक्ष्मीनारायण सेन
निर्दलीय : कोलेश्वरी देवांगन, किशोर बोहरा, जितेन्द्र सोनकर

वार्ड क्रमांक 11 | महिला : 498 पुरुष : 417 | 915
सद्दाम खत्री | रमजान बड़गुजर
निर्दलीय : राकेश देवांगन, प्रदीप देवांगन

वार्ड क्रमांक 12 | महिला : 495 पुरुष : 414 | 909
श्यामसुंदर लाउत्रे | दुर्गेश रामटेके

वार्ड क्रमांक 13 | महिला : 385 पुरुष : 384 | 769
राकेश साहू | मनबोधी पटेल

वार्ड क्रमांक 14 | महिला : 331 पुरुष : 296 | 627
रुखमणी साहू | पुरुषोत्तम साहू
निर्दलीय : धनसाय साहू

वार्ड क्रमांक 15 | महिला : 418 पुरुष : 396 | 814
रंजु रत्नाकर | पद्मिनी ठाकुर
निर्दलीय : दुलारी सोनी, सुलोचना सोनी

### शहर सरकार के लिए होगा 11 को मतदान

# भाजपा- कांग्रेस को अपनों की चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



नाम वापसी के साथ ही चुनावी तस्वीर साफ हो गई हैं। भाजपा-कांग्रेस अपने बागी को मनाने में नाकाम रहने के कारण अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशी के बीच मुकाबला होगा। वहीं 15 पार्षद के लिए 38 प्रत्याशी मैदान में शेष हैं।

शहर सरकार के लिए होने वाले चुनाव का एक और चरण नाम वापसी के साथ पूरा गया। अब आगामी 11 फ़रवरी को मतदान और 15 फ़रवरी को मतगणना के साथ तय हो जाएगा कि कांग्रेस लगातार चौथी बार जनता की कसौटी मे खरा उतरती हैं या केंद्र और राज्य में सत्तारुढ़ भाजपा को जन समर्थन मिलता हैं। अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस की पुष्पदेवी यदु और भाजपा की अंजू त्रिपाठी प्रत्याशी हैं। वही नगर पंचायत के निवर्तमान उपाध्यक्ष ललित लोढ़ा की पत्नी स्मिता लोढ़ा और महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष सरिता ढीमर निर्दलीय प्रत्याशी की हैसियत से मैदान में है। पार्षद पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले आकाश ढीमर, तुषार गायकवाड़, श्रद्धा बोहरा, दीपक देवांगन ने अपना नाम वापस ले लिया है। नाम वापसी के बाद अब शहर में चुनाव सरगर्मी जोर पकड़ने लगी है।

#### छह वार्ड में सीधा मुकाबला

जानकारी के अनुसार वार्ड एक में सलामे- कुंती आल्हा, वार्ड दो में वैशाली बोरकर- निर्मला मालेकर, वार्ड 5 में अखिलेश नखत, वार्ड 12 में श्याम सुंदर लाऊत्रे- दुर्गेश रामटेके, वार्ड 13 में राकेश साहू- मनबोधि पटेल के बीच सीधा मुकाबला हैं। वार्ड क्रमांक 9 में सीधा मुकाबला दो चचेरे भाइयों के बीच हैं। यहां कांग्रेस ने अजय मंडलोई तो भाजपा ने लीलाराम मंडलोई को उम्मीदवार बनाया है।

## अध्यक्ष के लिए सीधा मुकाबला





**गंडई पंडरिया।** नगर पंचायत चुनाव की तस्वीर नाम वापसी के बाद साफ हो गई है। अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी आमने सामने हैं वहीं पार्षद पद के लिए भाजपा एवं कांग्रेस के अलावा 13 निर्दलीय सहित आप प्रत्याशी ने पर्चा दाखिल किया था। छह लोगो ने अपना नाम वापस ले लिया है। अध्यक्ष पद के लिए भाजपा नेत्री उमा चौबे ने भी नामांकन दाखिल किया था किन्तु उन्होंने नाम वापस ले लिया है।

जानकारी के अनुसार नाम वापसी की मियाद तक अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाली उमा चौबे, वार्ड 7 के अयुब सोलंकी, वार्ड 8 की निराशा कुर्रे एवं प्रमोददास मार्कण्डेय, वार्ड 13 के कांग्रेस के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष साकेत दुबे, वार्ड 14 की शशिकला चतुर्वेदी, वार्ड 15 विकास कुमार बघेल ने नाम वापस ले लिया है। पार्षद पद के लिए वार्ड 1 में निर्दलीय राजेन्द्र कुमार डहरिया, वार्ड 2 में आप के शिवेंद्र कुमार नामदेव, वार्ड 5 में निर्दलीय नंदकिशोर साहू, वार्ड 6 में निर्दलीय सुलक्षणा ताम्रकर, वार्ड 7 में आप के पवनकुमार ठाकुर, वार्ड 8 में निर्दलीय जयचंद टंडन, सतेन कुमार रात्रे, शत्रुहन कुमार कुर्रे, वार्ड 13 में निर्दलीय सावंत कुमार देवांगन, वार्ड 15 में निर्दलीय रवि कुमार कुर्रे मैदान में डटे हुए है। जानकारी के अनुसार वार्ड 3, 4, 9, 10, 11, 12 और वार्ड 14 में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला है।

## कांग्रेस ने बदले दो प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

प्रत्याशियों की सूची जारी होने के बाद कांग्रेस में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अध्यक्ष पद के दावेदार भोजवानी साहू ने टिकट नहीं मिलने के बाद निर्दलीय नामांकन भर दिया है। वहीं नगर के दो वार्डों में टिकट मिलने के बाद वार्ड 4 से रेणुका साहू एवं वार्ड 14 से नारद साहू ने उनके समर्थन में चुनाव लड़ने से मना कर दिया है।

ग्रेस ने आनन-फानन में नए प्रत्याशी के रूप में वार्ड 4 में उगेश्वरी सिन्हा एवं वार्ड 14 में लोकेश कुमार को मैदान में उतारा है। कांग्रेस के सुनील लारोकर एवं सलमान खान भी निर्दलीय प्रत्याशी बन गए हैं।

कांग्रेस ने सूची जारी होने के बाद भाजपा से टिकट मांगने वाली वार्ड 9 में सुशीला चंद्रवंशी को प्रत्याशी बनाया है जिसे लेकर विरोध के स्वर उठ रहे हैं।

### खबर संक्षेप

#### छुरिया मड़ई 2 को

**छुरिया।** आगामी 2 फरवरी को मंडई का आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर रात्रि में लोक गायिका छाया चंद्राकर का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम समिति के पदाधिकारियों ने आमजनों से उपस्थित होने की अपील की है।

#### भाजपा कार्यालय का शुभारंभ



**गंडई पंडरिया।** नगर के विश्राम गृह के सामने बुधवार को भाजपा कार्यालय का शुभारंभ सांसद संतोष पाण्डेय ने किया। इस दौरान बीजेपी के बड़े नेता सहित वार्ड के प्रत्याशी मौजूद थे। कार्यालय उद्घाटन के बाद सभी उम्मीदवारों सहित कार्यकर्ताओं को चार्ज किया गया। सभी को घर घर जाकर वोट मांगने कहा गया। सभी को नकारात्मक बातों से दूर रहने की सलाह दी गई। कार्यालय उद्घाटन के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष बिसेसर साहू, घम्मन साहू, अजय तिवारी, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, राजेश मेहता, खम्हन ताम्रकार, अनिल अग्रवाल, जीवन दास रात्रे, राजेश ताम्रकार, संजय अग्रवाल, श्यामपाल ताम्रकार, टुम्मन साहू, राकेश ठाकुर, लीला साहू, भीखू हिरवानी, मंगल जैन, याद कुमार निषाद, राकेश जायसवाल, यतीश कुंजाम, राकेश टंडन, विक्की कुर्रे, रवि भावनानी, जित्तू बघेल सहित अन्य उपस्थित थे।

## मतदान नहीं कर पाएंगे शहर के शिक्षक

### डाकमत का इस्तेमाल किया तो पोल खुलने का डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

निकाय चुनाव में नगर में निवासरत तीन दर्जन से अधिक शिक्षकों की डयूटी निगम क्षेत्र में लगाई गई है। डयूटी लगने के बाद सभी शिक्षक मताधिकार से वंचित हो रहे है और अगर डाक मत का उपयोग करते हैं तो गोपनीयता भंग होने का खतरा हुआ है जिससे वह भविष्य में राजनीति के शिकार हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि आगामी 11 फरवरी को निकाय के लिए मतदान होना है। मतदान कराने के लिए क्षेत्र से बाहर कार्यरत कर्मियों की डयूटी लगाई जा रही है ताकि मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रही। इसी क्रम में नगर में निवासरत शिक्षा विभाग के तीन दर्जन से अधिक शिक्षकों की डयूटी निगम क्षेत्र में लगाई गई है। निगम और नगर पंचायत क्षेत्र में एक ही मतदान होने के कारण सभी कर्मी मतदान नहीं कर पाएंगे। गौरतलब है कि निर्वाचन आयोग शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए लगातार प्रयास रत है किन्तु उसके ही निर्णय से लोगों को जागरूक करने वाले शिक्षक से मतदान प्रक्रिया में शामिल होने से वंचित हो जाएंगे।




#### गोपनीयता भंग होने का डर

स्थानीय नगर पंचायत क्षेत्र में मतदान प्रक्रिया के लिए ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षकों की डयूटी लगाई गई है। इसी प्रकार निगम क्षेत्र में भी बाहर के शिक्षकों की डयूटी लगाया जा सकता था या ऐसे शिक्षकों की सूची भेजना था जो निकाय क्षेत्र के निवासी नहीं है किन्तु बिना सोचे समझे सूची भेजने के कारण यह संकट खड़ा हो गया है। गौरलतब है कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव में डयूटी करने वाले कर्मचारियों को डाक मत की सुविधा मुहैया कराया जाता है किन्तु निकाय चुनाव में संकट यह है कि शहर के विभिन्न वार्डों में निवासरत शिक्षक डाकमत का इस्तेमाल करते हैं तो गणना के दौरान यह स्पष्ट हो जाएगा कि किसने किसके पक्ष में मतदान किया है। गोपनीयता भंग होने से यह शिक्षक भविष्य में राजनीति के शिकार हो सकते हैं।

#### आवेदन लेने से इंकार

पता चला है कि निगम क्षेत्र में जिन शिक्षकों की डयूटी लगी है वह बीते संबंधित विभाग में आपत्ति दर्ज कराने गए थे किन्तु उनका आवेदन लेने का इंकार करते हुए यह कहा गया है कि उन्हे लाकर मतदान कराने की सुविधा मुहैया कराया जाएगा। सवाल यह है कि डयूटीरत कर्मचारी मतदान प्रक्रिया को बीच में छोड़कर कैसे मतदान करने आएंगे? पता चला है कि निकाय चुनाव में 60 साल से अधिक आयु के कर्मचारियों की भी डयूटी लगाई गई है जबकि निर्वाचन आयोग का आदेश है कि 60 या उससे अधिक आयु के कर्मचारियों की ड्यूटी न लगाई जाए।

## गांधी जी को किया नमन



**जालबांधा।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के निर्देशन में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया।

सहायक प्राध्यापक संजय देवांगन ने गाँधी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को बताया कि उन्होंने कैसे भारत को आजादी दिलाया। विद्यार्थियों ने गांधी जी को याद करते हुए उनका प्यारा भजन रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीताराम का गायन किया। सभी प्राध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने 2 मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान रितेश बंजारे, मासूम वर्मा, नवीनसिंह राजपूत, रविप्रकाश चतुर्वेदी, महेश साहू, पूजा देवांगन, कमलेश चेलक, भारती साहू ,मोनिका सिन्हा, हीरेंद्र साहू आदि मौजूद थे।

**समक्ष :- न्यायालय श्रीमान अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, डोंगरगढ़, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

दावा प्र.क्र.- 55/2011 पेशी तिथि 21/02/2025
प्रोसेस नम्बर :-105/25
**गेंदमल जैन (मृत) गिरीश जैन** - आवेदक/वादी
// विरूद्ध //
**चंदुलाल वर्मा वगैरह** - अनावेदक/प्रतिवादी
प्रति, (1) **चन्दुलाल वर्मा** आ० रामाधार वर्मा उम्र 27 वर्ष निवासी - मरुहाटोला (पटपर) थाना छुरिया जिला- राजनांदगांव (छ०ग०)
(2) **मुन्ना साहू** आ० राजेन्द्र साहू उम्र 22 वर्ष निवासी - लेबर कॉलोनी तुलसीपुर वार्ड नं० 15 राजनांदगांव जिला - राजनांदगांव (छ०ग०)

आवेदक के द्वारा चन्दुलाल वर्मा वगैरह के विरूद्ध इस न्यायालय में दावा प्रकरण अंतर्गत धारा 166 मोटरयान अधिनियम के तहत दुर्घटना की राशि प्राप्त करने हेतु पेश किया गया है।

अतः आपत्ति ईस्तहार का प्रकाशन किया जा रहा है, तथा अपेक्षा की जा रही है कि आप, न्यायालय में पेशी दिनांक 21/02/2025 को प्रातः 11:00 बजे वाद का उत्तर देने के लिए, इस न्यायालय में स्वंय या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा हाजिर हो सकते है जिन्हें सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस दावे संबंधित सारवान तथ्यो का उत्तर दे सके, या जिसके साथ कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नो का उत्तर दे सके, आपको यह भी निर्देश दिया है कि आप उस दिन सभी दस्तावेजों को पेश करे जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

आप को सूचित किया जाता है कि आप अथवा आपका प्लीडर उपर बताई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका अवधारण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा, यदि किसी कारणवश उक्त पेशी तारीख को सार्वजानिक अवकाश घोषित किया जाता है या यदि किसी कारणवश कार्य स्थगित किया जाता है तो अगले कार्यदिवस पर प्रकरण की सुनवाई की जावेगी।

अतः आज तारिख 30/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

(मुहर)
अनिष दुबे
मोटर दुर्घटना दावाधिकरण डोंगरगढ़
राजनांदगाँव (छ.ग.)

#### कांति तिवारी का निधन



**छुरिया।** वैद्य गोपाल तिवारी की धर्मपत्नी कांति तिवारी का 67वर्ष की उम्र में निधन हो गया। परिक्षेत्रीय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष टीकम पांडे, अवधेश दुबे, प्रहलाद मिश्रा, आलोक मिश्रा, यशवंत तिवारी, प्रकाश शर्मा, तोरण शर्मा, रुखम पांडे आदि ने उनके निधन पर गहरा दुःख जताया है।

## विद्यार्थियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को किया नमन



**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशन में प्राध्यापक, अतिथि शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं ने मौन धारणकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम हिन्दी विभागाध्यक्ष ओमप्रकाश सहारे ने महात्मा गांधी के जीवन और देश की आजादी में उनके योगदान को याद किया। तत्पश्चात श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर हरवंश चौरगे, हेमशंकर साहू, काव्या जैन, सरोजनी वर्मा, लीना साहू, सौम्या देवागंन, चाँदनी पराते, शुभि जैन, हनी ठक्कर, हिमानी साहू के अलावा छात्र गोबर्धन, दुलेश्वर गंधर्व, चन्द्रभान सार्वा, योगेश निषाद, उमाशंकर, खिलेश, खुशबू देवांगन, रेणुका, ढालेश्वरी, प्राची, सपना फनीशा, श्वेता, चंचल, टिकेश्वरी, रितु आदि मौजूद थे।

हरिभूमि पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

### गांव में हुए विविध सांस्कृतिक आयोजन

# उल्लास से मनाया 76वां गणतंत्र दिवस







हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

इंदिरा नगर वार्ड 5 टावर चौक के समीप महिलाओं ने गणतंत्र दिवस उल्लास के सारथ मनाया। रमा तिवारी ने झंडा फहराया। राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। इस मौके पर निर्मला त्रिपाठी, माला बोरकर, सविता टेम्बुरकर, श्वेता बनोरे, करुणा टेम्बुरकर, नीलाक्षी, शारदा भोंडे, स्वाति यादव, सुनीता बोस, सुल्ताना, रीना मंगलकर, सारिका गेड़ाम, रेशमा तिर्की, किरण टमटा, संगीता रंगारी आदि मौजूद थी।

#### संस्कार पब्लिक स्कूल

लेडीजोब में संचालित संस्कार पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस मनाया गया। विद्यालय संचालक दीपक झा ने ध्वजारोहण कर शहीदों को नमन किया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पालक शामिल हुए। बच्चों ने नृत्य का प्रदर्शन कर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, जल संकट, किसानों की समस्या पेश करने के साथ स्वतंत्रता सेनानियों का जीवन परिचय प्रस्तुत किया। बच्चों केने कई राज्यों की जानकारी और साइंस के प्रोजेक्ट के माध्यम से खेतों की रखवाली और भुकम्प सूचक यंत्र आदि का प्रदर्शन किया। स्कूल प्रबंधक दीपक झा और ग्रामीणों ने बच्चों की प्रस्तुती को काफी सराहा।

#### मडियान

ग्राम मड़यिान में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में हाईस्कूल, मिडिल एवं प्राथमिक शाला के शिक्षक, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के पदाधिकारी, ग्राम प्रमुख आदि शामिल हुए। अध्यक्षता संकुल प्राचार्य सोमव्रत चंद्रवंशी ने की। संचालन व्याख्याता लुकेश वर्मा एवं आभार प्रदर्शन श्रीकांत कांडे ने किया।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**राजनांदगांव।** नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री के विद्यार्थियों ने तुमड़ीबोड़ स्थित गुरुद्वारा बंदीछोड़ पातशाही 6 में शैक्षणिक भ्रमण कर सिख धर्म और उसके गौरवशाली इतिहास को नजदीक से जाना। इस अवसर पर गुरुद्वारा के ज्ञानी नरिंदर सिंह ताज ने विद्यार्थियों को सिख धर्म, गुरु परंपरा, सेवा भावना और बंदीछोड़ दिवस के महत्व की जानकारी दी। विद्यालय की प्राचार्य भारती गौते एवं एकेडमिक इंचार्ज नुसरत बानो उपस्थित रही। उन्होंने विद्यार्थियों को इस ऐतिहासिक स्थल से प्रेरणा लेने और धर्म, सहिष्णुता एवं सेवा के मार्ग पर चलने की सीख दी। गुरुद्वारा परिसर में विद्यार्थियों ने श्रद्धापूर्वक मत्था टेका और लंगर प्रसाद ग्रहण कर सिख परंपरा में निहित सेवा और समानता के संदेश को आत्मसात किया। इस भ्रमण ने विद्यार्थियों के लिए सिख संस्कृति, धर्म और सामाजिक मूल्यों को समझने का एक अनमोल अवसर प्रदान किया। विद्यालय प्रशासन ने गुरुद्वारा प्रबंधन समिति का आभार व्यक्त करते कहा कि ऐसे शैक्षणिक दौरों से बच्चों को देश की सांस्कृतिक विविधता और अध्यात्मिक मूल्यों को समझने का अवसर मिलता है, जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होगा।

### अविश्वास प्रस्ताव 11-9 के मुकाबले ध्वस्त

# उपाध्यक्ष के खिलाफ लाया भाजपा का अविश्वास प्रस्ताव औंधे मुंह गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सितंबर महीने में नपा अध्यक्ष चुनाव कांग्रेस के तीन पार्षदों को अपने पाले में शामिल कर शहरी सत्ता में सुखद वापसी करने वाली भाजपा को तीन महीने बाद कांग्रेस उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव में मुंह की खानी पड़ी।

बीस पार्षदों वाले नपा परिषद में बराबर दस दस की संख्या बल वाले कांग्रेस के तीन पार्षदों को भगवा गमछा पहनाकर अपने पाले में शामिल कर जीत हासिल करने वाली भाजपा की उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव मे करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा।

स्थिति यह बन गई कि उसके पार्टी के दो पार्षदों ने क्रास वोटिंग कर दिया जिसके चलते उपाध्यक्ष के खिलाफ लाया गया उनका अविश्वास प्रस्ताव 11-9 के मुकाबले ध्वस्त हो गया।

सम्मेलन के पहले कांग्रेस के पास अपने सातों पार्षदों को साधे रखने का तनाव था जबकि भाजपा पार्षद अतिउत्साह में नजर आ रहे थे जिसके चलते परिणाम दोनों के लिए अप्रत्याशित रहा। इस दौरान शांतिपूर्ण माहौल में प्रक्रिया पूरी कराने बड़ी संख्या में पुलिस तैनात किया गया था।




### प्रभारियो ने निभाई मुस्तैदी से जिम्मेदारी

दो दिन पहले विधायक यशोदा वर्मा और जिलाध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे ने उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर पूर्व पार्षद मनराखन देवांगन को प्रभारी और डॉ अरूण भारद्वाज को सह प्रभारी नियुक्त किया था। उपाध्यक्ष पद बचाने में सफलता हासिल करने के बाद से स्वाभाविक रूप से दोनों नेताओं को कद बढ़ गया है। अध्यक्ष निर्वाचन के दौरान हुई गलतियों से सीख लेते हुए दोनों नेताओं ने मजबूत रणनीति बनाई और अंत तक मौन साधे रहा जिसके चलते भाजपाई उनकी रणनीति समझ नही पाए और अंत में वही हुआ जिसकी कल्पना भाजपा ने सपने में भी नही की थी। सत्ता सरकार और मात्र एक कांग्रेस पार्षद को साधकर उपाध्यक्ष को पद से हटाने की रणनीति पर नेतृत्वकर्ता सफल नही हो पाए। समय रहते भाजपा को इस चौंकाने वाले परिणाम से सीख लेनी होगी क्योकि यह बात तो तय है कि इस परिणाम का असर फरवरी महीने में होने वाले नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय चुनाव पर निश्चित रूप से पड़ेगा।

### प्रस्ताव पर पक्ष-विपक्ष ने पटल में रखी बात

अविश्वास को लेकर भाजपा पार्षद विनय देवांगन ने उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान पर विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न करने का आरोप लगाया जबकि कांग्रेस की ओर से पार्षद पुरूषोत्तम वर्मा ने कहा कि नपा द्वारा शहर मे बिना निविदा जारी किए करीबियों को काम देने, टेंडर फार्म वितरण मे चेहरा देखकर कारवाई करने जैसे भ्रष्टाचार को लेकर उपाध्यक्ष मुखर है इसलिए उन्हें हटाकर खुले तौर पर भ्रष्टाचार करने की नीयत से अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। वही सदन मे उपाध्यक्ष रज्जाक खान ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि शहर विकास को लेकर उन्होंने दल विशेष को महत्व नही दिया। बीते कुछ दिनों से नपा में व्याप्त भ्रष्टाचार की रोकथाम को लेकर उनके उठाए कदमों से आपत्ति होने के कारण कुछ पार्षदों ने उन्हें हटाने अभियान चलाया है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत संबंधों के चलते कभी भी उन्होंने पार्षदों के दल विशेष को महत्व नही दिया है।

#### भाजपा के मंसूबे पर फिरा पानी

बीते दो महीनों से जारी मिशन संडे अभियान में जिस तरह भाजपा का भ्रष्टाचार उजागर हो रहा है उससे लोगों का ध्यान बटाने अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। सभी पार्षदों ने एकजुटता का परिचय देकर भाजपा के मंसूबे को नाकाम कर दिया है। - **मनराखन देवांगन,** प्रभारी

#### उनके पार्षद एकजुट नहीं

नपा में व्याप्त भ्रष्टाचार का मुखर विरोध करने के चलते कतिपय भाजपाईयों ने आरोप लगाया था। परिणाम पक्ष में आने से पता चल गया कि उनके ही पार्षद एकजुट नही है।
- **अब्दुल रज्जाक खान,** उपाध्यक्ष नपा

#### नाक की लड़ाई थी कांग्रेस के लिए

कांग्रेस अध्यक्ष को हटाने के बाद अब नगर पालिका में भाजपा पार्षदों ने कांग्रेसी उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान पर अपने पद और दायित्वों को बेहतर ढंग से निर्वहन नही करने के कारण विकास कार्य बाधित होने और आम जनता के परेशान होने का हवाला देते हुए अविश्वास संबंधी पत्र कलेक्टर को सौंपा था जिसके बाद जिला प्रशासन ने सम्मेलन की तिथि निर्धारित की थी। सम्मेलन की सूचना जारी होने के बाद से भाजपा के सभी तेरह पार्षद अज्ञातवास मे निकल गए जो सम्मेलन प्रारंभ होने के दौरान सीधे नपा कार्यालय में पहुंचे। अविश्वास प्रस्ताव को पारित कराने भाजपा को अपने तेरह के अलावे एक पार्षद की जरूरत थी। अध्यक्ष निर्वाचन के दौरान भाजपा को तेरह की जगह चौदह मत मिला था उस स्थिति को भाजपाई दुहराना चाहते थे, लेकिन हुआ उल्टा उनके ही दो पार्षदों ने क्रास वोटिंग कर दिया जिससे पूरे भाजपाई खेमे मे निराशा है जबकि येन केन प्रकारेण अपनी बची खुची साख को बचाने मे सफल कांग्रेसियों में जबर्दस्त उत्साह है।

# गुरू करते हैं जीवन की नैया पार:मुनिश्री



- आचार्यश्री कुलगुरु के रूप में विराजमान रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

गुरु भारतीय संस्कृति की खोज है। दुनिया के पास टीचर तो है लेकिन गुरू नहीं है। गुरु हमेशा ज्ञानी, पारखी, उदार हृदय वाले तथा रहस्य उदघाटक होते है।

वह साक्षात प्रभु की तस्वीर होते हैं। यह उदगार निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर महाराज ने चंद्रगिरी तीर्थ पर प्रातःकालीन धर्म सभा में प्रभु और गुरु के महत्व को दर्शाते हुए व्यक्त किए। मुनि श्री ने कहा कि जिसका कोई गुरु नहीं होता उसका जीवन शुरु नहीं होता है। जिंदगी की शुरुआत गुरु के माध्यम से होती है। आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज में आचार्य परमेष्ठी के रुप में जितने गुण होना चाहिये वह सभी विद्यमान थे। वह श्रेष्ठ संघ नायक थे।

अध्ययन अध्यापन की दृष्टि से वह उपाध्याय परमेष्ठी तथा निरंतर आत्मसाधना के रुप आत्मोनुखी होकर श्रेष्ठ साधु चर्या का पालन करते थे। उन्होंने बताया कि आचार्यश्री अपने गुरू आचार्य ज्ञान सागर महाराज की प्रेरणा से सभी कर्तव्य का पालन किया तथा जैसा उनके गुरु ने कहा वैसा ही संघ को गुरुकुल का रुप प्रदान किया। आज हम सभी के कुलगुरु के रुप में आने वाली कई पीढियां तक आचार्यश्री कुलगुरु के रूप में विराजमान रहेंगे। मुनि श्री ने कहा कि कहा कि हृदय में हो प्रभु का आसन और मन में हो गुरु का शासन तो ही जीवन बनता है पावन।

#### स्मृति महोत्सव आज से

विद्यातन के अध्यक्ष विनोद बडजात्या ने बताया कि कल 1 से 6 फरवरी तक होने वाले प्रथम समाधि स्मृति महोत्सव की रूपरेखा बन गई। सभी को कार्य विभाजन कर आवास, यातायात, भोजन, सिक्यूरिटी आदि व्यवस्था सुनिश्चित कर दी गयी है।

#### साधु साध्वियां विराजमान

दयोदय महासंघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया इस अवसर पर मुनि श्री आगम सागर, पुनीत सागर, ऐलक धैर्य सागर, ऐलक निश्चयसागर, ऐलक निजानंद सागर सहित आर्यिकारत्न गुरुमति माता, दृणमति माता, आदर्शमति माता, चिंतन मति माता आदि मौजूद थे।

# नियमों की अनदेखी, क्रेशर संचालकों को नोटिस जारी

- क्रेशर संचालकों से दो महीने के भीतर मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



क्रेशर संचालन में नियमों की अनदेखी के चलते सात क्रेशर संचालकों को खनिज विभाग ने नोटिस जारी किया है जबकि दस क्रेशर संचालकों को नोटिस जारी करने की तैयारी हो गई है। खनिज विभाग ने सभी से दो महीने के भीतर जवाब मांगा है अन्यथा की स्थिति में छग गौण खनिज 2015 उपनियम 51 (26) के तहत कारवाई की चेतावनी दी गई है।

लंबे समय से नियमों की धज्जियां उड़ाकर क्रेशर संचालन कर रहे इन संचालकों पर विभाग की कारवाई से हडक़ंप मच गया है। जानकारी अनुसार विभाग ने जारी नोटिस में गौण खनिज नियम 2015 के उपनियम 51-1 जिसमे पट्टेदार को हर साल अनिवार्य रूप से भू भाटक का अग्रिम भुगतान जनवरी 20 से पहले जमा करना होता है। उपनियम 51-6 मे ऐसे क्रेशर जहां एक साल से खनन नहीं शुरू किया गया है इनका पट्टा व्यपगत घोषित किया जाना है। उपनियम 51-11 अनुसार संचालकों को खदान क्षेत्र में सीमा स्तंभ लगाना। उपनियम 51-13 अनुसार पट्टेदार खदान से प्राप्त सभी खनिज की मात्रा तिथिवार, खपत की मात्रा, प्राप्त मूल्य, क्रेता का नाम, प्राप्त धन की रसीद व नियोजित व्यक्तियों के लेखा संधारण, उपनियम 51-20 क अनुसार पट्टेदार को हर महीने 10 तारीख तक मासिक पत्रक, उपनियम 20-ख अनुसार अर्धवार्षिकी विवरणी, नियम 20-ग अनुसार वार्षिक विवरणी प्रस्तुत करने के अलावा गौण खनिज नियम 2015 के उपनियम 24 -1 अनुसार अनुमोदित उत्खनन योजना, पर्यावरण स्वीकृति संबंधी अनियमितताओ को लेकर संचालकों से जवाब मांगा है।

#### सात को नोटिस जारी, दस लाइन में

जानकारी अनुसार इन सभी क्रेशर संचालकों द्वारा पर्यावरण नियमों की अनदेखी, लेखा संधारण, तीन साल से ज्यादा समय बीतने के बाद भी माइनिंग एरिया मे खनन नहीं करने, अनिवार्य भाटक भुगतान नहीं करने और माइंनिंग एरिया में सीमा स्तंभ स्थापित नहीं करने को लेकर कारवाई हो सकती है। विभाग द्वारा पहले चरण में बल्देवपुर के क्रेशर संचालक राजकुमारी दास, गुरुचरण सिंह छाबड़ा पचपेड़ी, पायलमती सिंह चिखलदाह, कविता स्टोन बल्देवपुर, भूपेंद्र सिंह बल्देवपुर, रमेश डाकलिया पिपलाकछार को नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा मीना रंगलानी, खैरागढ़ मिनरल्स, समीर पोद्दार, जिस्को इंटरप्राइजेज, परेश कुमार व भावराम चक्रधारी सहित अन्य संचालकों को जल्द ही नोटिस जारी किया जाएगा। खनिज अधिकारी इंद्रलाल ने बताया कि क्रेशर संचालन में नियमों की अनदेखी पर नोटिस जारी कर 60 दिन में जवाब मांगा गया है। जवाब आने के बाद आगे की कारवाई की

# चढ़ोत्तरी बेटियों को दान कर गए चाय वाले बाबा

**छुईखदान।** भागवत कथा के प्राप्त दान को जरुरतमंद बेटियों को विवाह के लिए देने विख्यात आचार्य नरेन्द्र नयन शास्त्री चाय वाले बाबा ने एक बार मथुरा निवास में आयोजित भागवत कथा के दौरान प्राप्त दान राशि, सामान, वस्त्र, अन्न दो जरुरत मंद बेटियों को बुला कर दान कर दिया। जानकारी के अनुसार चाय वाले बाबा छुईखदान में कथा होने के पूर्व 332 बेटियों का कन्यादान कर चुके है। अब दो बेटियों के साथ यह संख्या 334 हो गई है। वह सिलयारी धाम में स्थित आश्रम में सैकड़ों बेटियों को पढ़ाई के खर्च वहन करने से लेकर हर प्रकार की मदद करते हैं। वह भागवत कथा से प्राप्त दान को जरूरमंद बेटियों को दान करने के लिए जाने जाते हैं। श्रीमद भागवत कथा के आयोजन में संजीव दुबे, देवराज किशोर दास, गिरिराज किशोर दास, शरद श्रीवास्तव, विजय दुबे, संजय पाल, आदित्य देव वैष्णव, गौतम सेन, महिला मंडलियों का सहयोग रहा।






### पौष्टिक भोजन के अभाव में कोई कुपोषित न रहे

# पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत कन्या शाला में कुकिंग प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पीएम पोषण शक्ति योजना तहत स्वामी आत्मानंद कन्या शाला मे कुकिंग स्पर्धा का आयोजन किया गया। स्पर्धा में शामिल स्वयं सहायता समूह के सदस्यों व रसोइयों को संबोधित करते हुए बीईओ नीलम सिंह राजपूत ने कहा कि पोषण शक्ति योजना का मुख्य उद्देश्य देश के बहुसंख्यक बच्चो की दो बड़ी गंभीर समस्या भूख और शिक्षा का समाधान करना है। सरकारी और गैर-सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में पात्र बच्चों की पोषण की स्थिति में सुधार लाना है। देश का कोई भी बच्चा भोजन की तलाश में शिक्षा से वंचित ना हो और पौष्टिक भोजन के अभाव में कुपोषित ना रहे।

स्पर्धा निर्णायक डॉ. कमलेश्वर सिंह ने सहायता समूह के सदस्यों को प्रेरित करते हुए कहा कि हम सबका ध्येय बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण भोजन प्रदान करना होना चाहिए। स्वादिष्ट भोजन मिलने से बच्चे शाला की ओर आकर्षित होंगे और उनकी उपस्थिति बढ़ेगी। योजना तहत आयोजित कुकिंग स्पर्धा में पांच जोन के स्वयं सहायता समूह ने भाग लिया जिसमे प्रतिभागी समूह की रसोइयो ने शासन द्वारा निर्धारित मापदंड अनुरूप भोजन तैयार किया।

#### स्वाद, गुणवत्ता पर मिला अंक

स्पर्धा में भोजन के स्वाद, स्वच्छता, रसोइयों के ड्रेस, सामग्री के उपयोग पर अंक निर्धारित किया गया था। मूल्यांकन बाद प्राशा चिंगली प्रथम, प्राशा क्रमांक 1 खैरागढ़ द्वितीय और पूमाशा प्रकाशपुर को तृतीय स्थान मिला। इस दौरान डॉ सविता यादव, रश्मि चंद्रवंशी, बीईओ केएल अमेला, बीआरसी सुजीत सिंह चौहान, निमेश सिंह, निखिल सिंह, कमल वर्मा, भानु मेश्राम, चंद्रशेखर गुनी, तोपचंद वर्मा, गणेश रजक, आरती यादव सहित अन्य उपस्थित थे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी पोषण शक्ति योजना तहत सरकारी व गैर सरकारी अनुदान प्राप्त प्राथमिक और मिडिल स्कूलों में अध्ययन देश के 11.70 करोड़ छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन स्कूल दिवस में गरम पका हुआ, गुणवत्ता पूर्ण पौष्टिक भोजन प्रदान करना है। योजना तहत मध्यांह भोजन के रूप में हर बच्चे को प्रति दिवस 700 कैलोरी और 20 ग्राम प्रोटीन देने का प्रावधान है। इसे लेकर शासन द्वारा प्राथमिक शाला के प्रत्येक बच्चो के लिए 100 और मिडिल स्कूल के बच्चों के लिए 150 ग्राम गेहू, चावल दिया जा रहा है।

### विद्युतकर्मियों ने अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र के पार्रीनाला स्थित क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति एवं गांधीजी के पुण्यतिथि पर श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में पॉवर कंपनी के अधिकारी-कर्मचारियों ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अतुल्यनीय योगदान देने वाले विभूतियों के त्याग और बलिदान के प्रति आस्था व्यक्त करते दो मिनट का मौन धारणकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट, अधीक्षण अभियंता एस. कंवर, केसी खोटे, कार्यापालन अभियंता आरके गोस्वामी, गीता ठाकुर, सहायक अभियंता जीएन देवांगन, हेमराज साहू, उषा साहू, शेषकुमारी साहू, एसपी ठाकुर, पीआरओ डीएस मंडावी, एसके बक्शी, लेखाधिकारी भावेश वाल्दे, प्रशासनिक अधिकारी नीरज देवांगन, बीएस टेकाम, अनुभाग अधिकारी पीआर साहू, अमरलाल चौहान सहित प्रशासनिक भवन स्थित समस्त कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित हुए।

# गंडई

**वार्ड क्रमांक 1** — महिला : 425 पुरुष : 429 — 854
तामेश्वर साहू | कमल पटेल
निर्दलीय- राजेन्द्र गहिरया (ब्लैक बोर्ड)

**वार्ड क्रमांक 2** — महिला : 321 पुरुष : 297 — 618
सूरज नामदेव | श्यामपाल ताम्रकार
आप- शिवेन्द्र कुमार नामदेव (झाड़ू)

**वार्ड क्रमांक 3** — महिला : 323 पुरुष : 339 — 662
लियाकत अली | अशोक मरार

**वार्ड क्रमांक 4** — महिला : 319 पुरुष : 291 — 610
वैशाली सूरज नामदेव | ममता मनीष सोनी

**वार्ड क्रमांक 5** — महिला : 373 पुरुष : 352 — 725
अमन सोनी | टूम्मन साहू
निर्दलीय- नंदकिशोर साहू (गैस चूल्हा)

**वार्ड क्रमांक 6** — महिला : 305 पुरुष : 321 — 626
सोनल क्रांति ताम्रकार | मिथिला राजपूत
निर्दलीय - सुलझना ताम्रकार (आलमारी)

**वार्ड क्रमांक 7** — महिला : 311 पुरुष : 287 — 598
शैलेन्द्र जायसवाल | राकेश निषाद
आप - पवन कुमार ठाकुर (झाड़ू)

**वार्ड क्रमांक 8** — महिला : 300 पुरुष : 252 — 552
शिवकुमार कुर्रे | सुमन पाटले
निर्दलीय- जयचंद्र चंदन (खाट), सतेन्द्र कुमार रात्रे (ब्लैकबोर्ड), शत्रुघन कुर्रे (सिलाई की मशीन)



**वार्ड क्रमांक 9** — महिला : 484 पुरुष : 467 — 951
इसरत अंजुम | चांदनी महला

**वार्ड क्रमांक 10** — महिला : 293 पुरुष : 268 — 561
कुमार पटेल | प्रकाश पटेल

**वार्ड क्रमांक 11** — महिला : 348 पुरुष : 331 — 679
हेमंत मरकाम | यतीश कुंजाम

**वार्ड क्रमांक 12** — महिला : 358 पुरुष : 348 — 706
रत्ना छैदैया | मनीषा मरकाम

**वार्ड क्रमांक 13** — महिला : 370 पुरुष : 349 — 719
साकेत कुमार देवांगन | जगेसर देवांगन
निर्दलीय- सावत कुमार देवांगन (सिलाई की मशीन)

**वार्ड क्रमांक 14** — महिला : 388 पुरुष : 362 — 750
ननकी चतुर्वेदी | धनेश्वरी टंडन

**वार्ड क्रमांक 15** — महिला : 336 पुरुष : 281 — 617
दिलीप ओगरे | चरणदास चेलक
आप - रवि कुमार कुर्रे (झाड़ू)

### सिंबाल आवंटन होने के साथ प्रचार-प्रसार के लिए जुटे प्रत्याशी

# नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए चार, पार्षद पदों के लिए 54 प्रत्याशी मैदान में

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के एकमात्र नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी में अब चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। आज नाम वापसी के आखिरी दिन नगर पंचायत अध्यक्ष के तीन तथा पार्षद पदों के 9 उम्मीदवारों ने नाम वापस लिया है।

नगर पंचायत के चुनावी मैदान में सिंबाल मिलने के साथ चार अध्यक्ष के प्रत्याशी तथा 54 पार्षद पदों के प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए भाजपा से कमल फूल गुलाब गोस्वामी, कांग्रेस से पंजा छाप मनीष साहू, शिवसेना तीर कमान से दिनेश ताम्रकार तथा कांग्रेस पार्टी को दरकिनार कर अपने पद से इस्तीफा देकर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी को गिलास छाप चुनाव चिन्ह आवंटित हुआ है।

इसी तरह वार्ड क्रमांक 1 से पार्षद उम्मीदवार कांग्रेस खेदीबाई अमेला, भाजपा से लता मडावी, शिवसेना किरण जानेंद्र, वार्ड नंबर 2 कांग्रेस अजय कोमरे उर्फ अज्जू, भाजपा सुरेश नेताम, निर्दलीय रीना पोरेटी, वार्ड नंबर 3 भाजपा देवानंद निवरे, कांग्रेस रितेश मेश्राम, नीडल निर्दलीय लोकदीप बोरकर, वार्ड नंबर 4 भाजपा दिलीप कुंभकार, कांग्रेस इंद्रजीत सिंह भाटिया, निर्दलीय जयलाल सिन्हा, निर्दलीय संजय कुमार, वार्ड नंबर 5 कांग्रेस अनुपमा संतोष नेताम, भाजपा ईश्वरीय धुर्वे, वार्ड नंबर 6 कांग्रेस अनीश कुरैशी, भाजपा मोहसिन भाई, निर्दलीय भुवनेश्वर देवांगन, निर्दलीय केजूराम पाल, निर्दलीय मनीष सोनवानी, निर्दलीय सोतन चंद्रवंशी, निर्दलीय विनोद डहरिया, वार्ड नंबर 7 कांग्रेस गोपीचंदा देवांगन, भाजपा सुमनबाई पटेल, निर्दलीय रूपकली परतेती, वार्ड नंबर 8 कांग्रेस मीनाक्षी साहू, भाजपा उषा यादव, निर्दलीय सविता मानिकपुरी, वार्ड नंबर 9 भाजपा धर्मेंद्र साहू, कांग्रेस मुकेश सिन्हा, निर्दलीय बालमुकुंद पांडे, निर्दलीय नरेश यादव, निर्दलीय रोशनी साहू, वार्ड नंबर 10 भाजपा अविनाश त्रिपाठी, कांग्रेस झरनेश कुंभकार, शिवसेना शोभाशंकर त्रिपाठी, निर्दलीय प्रशांत शर्मा, वार्ड नंबर 11 भाजपा कविता यादव, कांग्रेस साधना सिंह, शिवसेना हेमलता यादव, निर्दलीय जमुना तिग्गा, वार्ड नंबर 12 कांग्रेस छगनलाल बंजारे, भाजपा किसुन लाल पटेल, शिवसेना देवप्रसाद यादव, वार्ड नंबर 13 कांग्रेस अंजू सारथी, भाजपा चेतना मुकेश शर्मा, शिवसेना रेणु सारथी, निर्दलीय उमाशंकर निषाद, वार्ड नंबर 14 कांग्रेस अरूण यादव, भाजपा पवन गुप्ता, निर्दलीय प्रमोद कुमार ठलाल, वार्ड नंबर 15 भाजपा काशीराम निषाद, कांग्रेस से राजकुमारी निषाद, निर्दलीय रामकुमार निषाद चुनाव मैदान में हैं।

गौरतलब है कि नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के अध्यक्ष पद के तीन उम्मीदवार अनिल मानिकपुरी की पत्नी सविता मानिकपुरी, दीपचंद रजक व देवीलाल पटेल ने नामांकन वापस लिया है। वहीं शिवसेना के अध्यक्ष पद तथा पांच पार्षद प्रत्याशी के साथ-साथ कांग्रेस के बागी जिला अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के खेमे से पार्षद प्रत्याशी वार्डों में चुनाव लड़ रहे हैं।

## 10 जिला पंचायत सीटों के लिए अब तक 14 ने दाखिल किया नामांकन

**मोहला।** जिला पंचायत मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत आज नाम-निर्देशन पत्र दाखिल करने के पांचवे दिन 14 अभ्यर्थियों ने नाम-निर्देशन पत्र दाखिल किया है। आज कुल 14 नामांकन पत्र दाखिल हुआ है।

क्षेत्र क्रमांक 03 बांधाबाजार अनारक्षित मुक्त से मो. सलीम मेमन, मो. शफी मेमन एवं अरुण कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। क्षेत्र क्रमांक 02 आमाटोला अनारक्षित महिला के लिए से शेषवरी धुर्वे एवं तीजनबाई, क्षेत्र क्रमांक 05 वासड़ी अनुसूचित जनजाति मुक्ति के लिए नरसिंह भंडारी, क्षेत्र क्रमांक 04 कौड़ीकसा अनारक्षित महिला के लिए अरूण गोआर्य एवं सुनीता पांडे, क्रमांक 06 अनुसूचित जनजाति महिला के लिए नम्रता सिंह, क्षेत्र क्रमांक 08 औंधी अनुसूचित जनजाति मुक्त के लिए भोजेश मांडवी एवं गोविंद वाल्को, क्षेत्र क्रमांक 09 मानपुर अनुसूचित जनजाति महिला के लिए उतराबाई दर्रो एवं क्षेत्र क्रमांक 10 खड़गांव अनुसूचित जनजाति महिला के लिए रेखाबाई एवं अनिता कोर्राम ने नाम-निर्देशन पत्र दाखिल नहीं किया है।

# जिला पंचायत सदस्य के लिए 22 अभ्यर्थियों ने दाखिल किया नामांकन

### पंचायत सदस्य पद के लिए आज 15 अभ्यर्थियों ने नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत आज जिला पंचायत सदस्य पद के लिए 22 अभ्यर्थियों ने नाम-निर्देशन पत्र जमा किया तथा 15 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। अब तक जिला पंचायत सदस्य पद के लिए कुल 32 अभ्यर्थियों ने नाम-निर्देशन पत्र जमा किया है तथा कुल 63 अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया गया है।




जिला पंचायत सदस्य पद हेतु निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1 पटेवा के लिए किरण बारले व मधु बघेल, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 2 लिटिया के लिए ललिता साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 3 टेड़ेसरा के लिए भागवत दास साहू व धनेन्द्र कुमार साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 5 अर्जुनी के लिए भोजेश्वरी साहू, विमल साहू व रिता नाहटा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6 आसरा के लिए जागृति यदु व नीलम साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7 तुमड़ीबोड़ के लिए रामनाथ वर्मा, दीपक कुमार सिन्हा व महेन्द्र वैष्णव, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 8 बेलगांव के लिए अनिता तिवारी, पुष्पा वर्मा व किरण साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 9 राका के लिए प्रभाबाई साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10 बोरतलाब के लिए अनिता ठाकुर, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 11 बम्हनी चारभाठा के लिए बिरमबाई मंडावी व अश्वनी मंडलोई, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12 गैंदाटोला के लिए किरण वैष्णव, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 13 कुमर्दा के लिए प्रताप सिंह धावड़े ने नाम-निर्देशन पत्र जमा किया।

जिला पंचायत सदस्य पद के लिए आज 15 अभ्यर्थियों ने नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त किया। इसके अंतर्गत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1 पटेवा के लिए प्रतिक्षा भंडारी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 2 लिटिया के लिए रामकुमारी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 3 टेड़ेसरा के लिए संजय कुमार यादव, संतोष कुमार देशमुख, मधुकर बंजारे, मेघनाथ रात्रे व चंदनसिंह कश्यप, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 6 आसरा के लिए जागृति यदु, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 9 राका के लिए हेमलाल सिंह व रघुवर प्रसाद अग्रवाल, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 11 बम्हनीचारभाठा के लिए स्वाती भंडारी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12 गैंदाटोला के लिए गिरधारी धनेश, अलखराम साहू व प्रकाश शर्मा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 13 कुमर्दा के लिए गोपाल सिंह ने नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### बाइक ने कुचला, अधेड़ की मौत

**घुमका।** घुमका से ठेलकाडीह रोड में भटगांव के चुना भट्टी के पास गुरुवार की रात्रि 9.15 बजे भटगांव निवासी बहुरदास कौशिक 49 वर्ष का सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक बहुरदास रात्रि में भोजन करने के बाद अपने मित्र के साथ टहलने सड़क की ओर गए थे। चुना भट्टी के पास सड़क किनारे अंधेरे में दोनों लेटे हुए थे। ठेलकाडीह की ओर से आ रही मोटर साइकिल ने तेज रफ्तार से लापरवाही वाहन चलाते हुए बहुरदास कौशिक के गले के ऊपर से निकल गई। जिससे उक्त व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं वाहन को तेज रफ्तार से आते देख मृतक का साथी बाल-बाल बच गया। घुमका पुलिस मामला कायम कर जांच कर रही है। मृतक बहुरदास कौशिक का पुलिस ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### वालीबाल प्रतियोगिता 2 को

**जेवरतला रोड़।** ग्राम चेंदरीबन नवागांव में आदर्श विद्यार्थी, यंग ब्रदर्श एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 2 फरवरी को एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। जिसमें प्रथम विजेता को 6001 रुपए, द्वितीय 4001 रुपए, तृतीय 3001 रुपए एवं चतुर्थ पुरस्कार 1501 रुपए दिया जाएगा। बेस्ट शार्टर बेस्ट बूस्टर बेस्ट सर्विसर पर भी इनाम रखा गया। यह जानकारी अध्यक्ष ओमप्रकाश विश्वकर्मा एवं उप कप्तान अनुराग साहू ने दी।

### भाजपा प्रत्याशी आज पटरीपार में करेंगे जनसंपर्क

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के महापौर पद के उम्मीदवार मधुसूदन यादव कल 01 फरवरी को अपने जनसंपर्क अभियान में शहर के पटरीपार क्षेत्र के आधा दर्जन वार्डों के मोहल्लों में जनसंपर्क करेंगे। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार श्री यादव का जनसंपर्क अभियान दोपहर 02 बजे वार्ड क्र. 04 नया ढाबा से प्रारंभ होगा, फिर वे वार्ड क्र. 06 शांतिनगर, वार्ड क्र. 05 चिखली, वार्ड क्र. 11 स्टेशनपारा का दौरा करते रात्रि में वार्ड क्र. 13 गौरीनगर क्षेत्र में जनसंपर्क कर मतदाताओं से कमल फूल छाप का बटन दबाने का आह्वान करेंगे। उनके साथ उक्त वार्डों के पार्षद प्रत्याशी एवं भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता साथ रहेंगे।

### जिपं के तीन क्षेत्रों में भाजपा ने घोषित किए प्रत्याशी

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी की मंडल, जिला एवं संभाग चयन समिति की अनुशंसा एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने जिला पंचायत के शेष तीन क्षेत्रों के लिए पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा की।
भाजपा मीडिया सेल के अनुसार कल जारी 10 क्षेत्रों के प्रत्याशियों की घोषणा के पश्चात क्षेत्र क्रमांक 05 अर्जुनी अनारक्षित महिला के लिए इंदुमती साहू, क्षेत्र क्रमांक 08 बेलगांव अनारक्षित महिला किरण साहू एवं क्षेत्र क्रमांक 09 राका अनारक्षित मुक्त के लिए प्रशांत कोड़ापे को पार्टी प्रत्याशी के रूप में अधिकृत किया गया है।

## एमएमसी जिले में पहली बार बने सीजी पीएससी परीक्षा केंद्र

### परीक्षा की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा 9 फरवरी को दो पालियों में आयोजित होने वाली सीजी पीएससी परीक्षा के सफल आयोजन के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी, तीन परीक्षा केंद्रों के केंद्र अध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारियों की बैठक ली।



बैठक में उन्होंने परीक्षा की संपूर्ण तैयारियों की समीक्षा करते सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों को निर्देशित किया कि वे पूर्ण सुचिता, सावधानी एवं आयोग द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। उन्होंने कहा कि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने हर छोटी-बड़ी बारीकी का ध्यान रखा जाए।

गौरतलब है कि नवीन जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में पहली बार प्रारंभिक परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा तीन परीक्षा केंद्र स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल मोहला, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहला तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेंगाकठेरा निर्धारित किए गए हैं। इन केंद्रों पर कुल 823 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

### शपथ पत्र व अदेय प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य

**मोहला।** जिला पंचायत सदस्य के लिए निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों को नाम-निर्देशन पत्र जमा करने के दरम्यान शपथ पत्र एवं अदेय प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य है। इसके साथ ही निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों को नाम-निर्देशन पत्र जमा करने के दौरान प्रारूप-4 घ नाम निर्देशन पत्र, प्रारूप-4 घ, 01, अभ्यर्थी द्वारा दिए जाने वाला शपथ पत्र नोटरी किया हुआ, दो रंगीन फोटोग्राफ वर्तमान समय का, निक्षेप राशि की पावती, प्रारूप 9 निर्वाचन अभिकर्ता की नियुक्ति, हस्ताक्षर का नमूना एवं परिशिष्ट 01, अदेय प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य है।

जिला पंचायत सदस्य के लिए निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे इन दस्तावेजों के साथ नाम निर्देशन पत्र जमा करेंगे। नाम-निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 3 फरवरी निर्धारित किया गया है।

## शिखर युवा मंच व एसबीआई फाउंडेशन सम्मानित

**राजनांदगांव।** मुख्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजनांदगांव द्वारा शिखर युवा मंच एवं एसबीआई फाउंडेशन को स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य एवं सराहनीय योगदान के लिए गणतंत्र दिवस समारोह में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। स्वयंसेवी संस्था शिखर युवा मंच ने समाजसेवा के क्षेत्र में विगत 27 वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों, शिक्षा, अजीविका बाल अधिकार एवं प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण एवं संवर्धन जैसे मुद्दों पर कार्य कर रही है।



एसबीआई फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से शिखर युवा मंच द्वारा स्वास्थ्य विभाग राजनांदगांव के सहमति पर डोंगरगढ़ विकासखंड के 20 गांव मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचलन किया जा रहा है। यूनिट द्वारा स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से गांव में वंचित समुदायों एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को निःशुल्क जनरल स्वास्थ सेवा प्रदान की जा रही है। जिससे आयुष्मान भारत के लक्ष्य को पूरा कर तथा गांवों में बीमारियों के उपचार एवं रोकथाम हेतु व गांव में स्वास्थ के प्रति जनजागरूकता कार्यक्रम का भी संचालन किया जा रहा है। मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा डोंगरगढ़ विकासखंड के 20 गांव में प्राथमिक उपचार जनजागरूकता शिविर एवं निःशुल्क दवाई वितरण कर स्वास्थ सेवा का कार्य कर रही है।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन

**राजनांदगांव।** शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय राजनांदगांव में प्राचार्य ममता नायक के मार्गदर्शन में 5 जनवरी को 15 मतदाता दिवस 2025 के अवसर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वीप नोडल अधिकारी बंसती चक्रवर्ती ने कैम्पस एम्बेसडर रानी गुप्ता, गरिमा साहू, वीना साहू तथा प्राची मेश्राम के साथ इस कार्यक्रम का आयोजन किया।




कार्यक्रम में प्राचार्य द्वारा समस्त शिक्षकों एवं छात्राओं को मतदान करने शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात पूर्व में मतदाता जागरूकता पर आयोजित कॉलेज स्तरीय एवं इंटर कॉलेज पोस्टर प्रतियोगिता (दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव में आयोजित) पोस्टर प्रतियोगिता के विजेता हेमती (प्रथम), यामिनी साहू (द्वितीय) तथा प्रीति ध्रुव (तृतीय) को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कुल 20 नए मतदाताओं को बैच लगाकर सम्मानित किया गया।

## अवैध धान विक्रय पर खाद्य विभाग की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी के निर्देशन में खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले में विकासखंड अं. चौकी के धान उपार्जन केंद्र आमाटोला में औचक निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान किसान सदाराम पिता मोतीराम अपने पर्चे में 903 कट्टा धान बेचने खरीदी केन्द्र लाया था। जिसमें से 100 कट्टा धान कोचिया से खरीदकर खरीदी केन्द्र आमाटोला में खपाने के उद्देश्य से लाया गया था। किसान से पूछताछ करने पर कोई संतोषप्रद जवाब नहीं पाया गया। धान खपाने के उद्देश्य से लाए गए 100 कट्टा धान को जब्त कर समिति प्रभारी आमाटोला के सुपुर्दगी में दिया गया।

जिले में कोचिया एवं बिचौलियों पर इस तरह की लगातार कड़ी कार्रवाई तथा जिले की सीमाओं से आ रहे धान पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में कोचियों का धान न बेचा जा सके इसकी भी निगरानी की जा रही है। उक्त कार्रवाई के दौरान खाद्य अधिकारी आशीष रामटेके, सहायक खाद्य अधिकारी धरमूराम किरंगे, खाद्य निरीक्षक विश्वनाथ एवं हेमंत नायक उपस्थित थे।

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 1 फरवरी 2025



# चावल में कनकी मिलाकर सप्लाई, नान ने किए मिलर्स के आठ लॉट कैंसिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

धान की मिलिंग के बाद राईस मिलर्स द्वारा एफसीआई में जमा किए जा रहे चावल में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी सामने आ रही है। जनवरी महीने में ही जमा हो रहे चावल में कनकी होने के मामले सामने आए हैं। जिसके बाद अफसरों ने कार्रवाई करते मिलर्स द्वारा जमा किए गए आठ लॉट को कैंसिल कर दिया है। वहीं मिलर्स की सुस्त चाल का असर गरीबों को मिलने वाले राशन में भी देखने को मिल रहा है। फरवरी महीने के लिए राशन आबंटन का कोटा अब तक पूरा नहीं हो पाया है।

## मिलर्स की लगातार लापरवाही की आ रही शिकायतें, चावल जमा नहीं होने से अटकेगा राशन वितरण!

### 41 हजार क्विंटल चावल जमा

नॉन के अधिकारियों ने बताया कि मिलर्स द्वारा नॉन में अब तक सिर्फ 41 हजार क्विंटल ही चावल जमा किया गया है। मिलर्स द्वारा धान उठाव के एवज में सिर्फ 41 हजार क्विंटल चावल जमा करने से नॉन में चावल का स्टाक नहीं है। ऐसे में फरवरी माह में पीडीएस के तहत राशन दुकानों में चावल सप्लाई करना संभव नहीं है। जबकि हर माह 75 हजार क्विंटल चावल पीडीएस के तहत राशन दुकानों में सप्लाई होती है।



### 87 मिलर्स से अनुबंध

खरीदी केन्द्रों से धान उठाव करने के लिए जिले में कुल 87 राईस मिलर्स से अनुबंध हुआ है। मिलर्स द्वारा अब तक खरीदी केन्द्रों से 42 लाख क्विंटल धान का उठाव किया गया है। जिसमें नान में 41 हजार क्विं और एफसीआई में 16 हजार क्विंटल चावल जमा किया गया है।

### 812 में नॉन फॉर पीडीएस

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 907 सरकारी राशन दुकान संचालित है। इसमें 812 दुकानों में नागरिक आपूर्ति निगम से मिलर्स द्वारा जमा कराए गए चावल की सप्लाई होती है। इन राशन दुकानों में नॉन द्वारा 75 हजार क्विंटल चावल सप्लाई किया जाता है, लेकिन मिलर्स द्वारा अब तक सिर्फ 41 हजार क्विंटल चावल ही जमा किया गया है। नॉन के गोदाम में सिर्फ 30 हजार क्विंटल चावल स्टाक है। ऐसे में फरवरी माह में गरीबों को चावल मिलने पर संशय है।

उल्लेखनीय है कि किसानों से धान खरीदने के बाद सरकार उसे मिलर्स को देती है। मिलर्स धान की मिलिंग कर उसे चावल बनाकर एफसीआई, नान में जमा करते हैं, लेकिन मिलर्स द्वारा मुनाफाखोरी करने के लिए साबूत चावल दाना देने की जगह कनकी भी मिलाकर जमा कराया जा रहा है। राजनांदगांव कस्टम मिलिंग के तहत धान का उठाव करने वाले जिले के मिलर्स की मनमानी सामने आ रही है। मिलर्स द्वारा कस्टम मिलिंग के तहत चावल में बड़ी मात्रा में कनकी व भूसा मिले होने का मामला सामने आने के बाद नागरिक खाद्य आपूर्ति विभाग में चावल जमा नहीं करने का मामला सामने आया है।

### शहर के 11 वार्डों में सीधी टक्कर, वार्ड क्रमांक 39 में सर्वाधिक 7 प्रत्याशी

# चुनावी तस्वीर साफः मेयर पद के लिए 11, पार्षद बनने 176 प्रत्याशी मैदान में

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नाम वापसी प्रक्रिया समाप्ति के साथ ही अब नगरीय निकाय चुनाव को लेकर तस्वीर साफ हो गई है। राजनांदगांव महापौर बनने के लिए अब 11 प्रत्याशी मैदान में शेष रह गए हैं, दो अभ्यर्थी ने अपना नाम वापस ले लिया। वहीं पार्षद बनने के लिए नामांकन दाखिल करने वाले 230 में से 54 ने नाम वापस ले लिया। जिसके बाद शहर के 51 वार्डों में अब 176 प्रत्याशी मैदान में बच गए हैं। सभी निर्दलियों को शुक्रवार को ही चुनाव चिन्ह का आबंटन भी कर दिया गया है।

इधर चुनाव चिन्ह मिलने के बाद आज से प्रचार अभियान तेजी पकड़ता नजर आएगा। सभी वार्डों में प्रमुख राजनीतिक दलों के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी भी अपना बैनर-पोस्टर लगाने के साथ ही चुनावी रैली निकालते नजर आएंगे। ज्ञात हो कि 11 फरवरी को मतदान होना है। ऐसे में 9 फरवरी की शाम को ही चुनावी शोरगुल थम जाएगा। ऐसे में अब प्रत्याशियों के पास अपने लिए वोट मांगने का 9 दिन ही शेष रह गया है। यह भी एक कारण है कि आज से पूरे शहर में चुनावी माहौल देखने को मिलेगा। चुनावी बैनर-पोस्टर छापने का काम करने वाले लोगों के पास भी आर्डर आ चुके हैं। इसके साथ ही वॉल पेंटिंग का काम भी शुरू हो गया है। अविभाजित जिले में डोंगरगढ़ नगर पालिका, छुईखदान नपं, गंडई नपं, अंबागढ़ चौकी नपं, डोंगरगांव नपं, छुरिया नपं और एलबी नगर नपं में भी चुनावी तस्वीर साफ हो गई है।




### 18 वार्डों में सीधी टक्कर

शहर के 51 में से 18 वार्ड ऐसे है जहां कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधी टक्कर है। इनमें वार्ड क्रमांक 3, 8, 13, 14, 21, 30, 31, 32, 35, 38, 42, 43, 44 शामिल है। वहीं सबसे अधिक प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 39 में है। कई वार्डों में त्रिकोणीय मुकाबले की भी स्थिति निर्मित है।

### मेयर के लिए यह मैदान में

नाम वापसी के बाद महापौर की रेस में 11 प्रत्याशी शेष रह गए हैं। जिनमें भाजपा से मधुसूदन यादव, कांग्रेस से निखिल द्विवेदी, बसपा से शमशुल आलम, आप से कमलेश स्वर्णकार, निर्दलीय के रूप में राजेश गुप्ता सीटी छाप, राकेश ठाकुर बांसुरी छाप, महेंद्र लाल जंघेल छड़ी छाप, माखन यादव शिवसेना, संदीप शुक्ले सीसी टीवी कैमरा छाप, दीपा रामटेके लैपटॉप छाप और केवल रजक कुंआ छाप शामिल है। वहीं दो अभ्यर्थी अजीत जैन और डॉ. केएल टांडेकर ने अपना नाम वापस ले लिया है।

### कुछ माने, कई अब भी डटें

इधर पार्षद पद को लेकर जमा हुए कुल 230 नामांकन में से अंतिम समय से पहले तक 54 ने अपना नाम वापस ले लिया है। जिसके बाद अब पार्षद पद के लिए 51 में कुल 176 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। नाम वापस लेने वालों में अधिकांश चेहरे कांग्रेस और भाजपा पार्टी से जुड़े हुए हैं। नेताओं के मान-मनौवल के बाद नाराज कार्यकर्ताओं ने पार्टी के निर्णय के आगे अपना नामांकन वापस ले लिया। हालांकि अब भी दो दर्जन से अधिक ऐसे वार्ड हैं, जहां बागी होकर मैदान में डटे प्रत्याशी अपने-अपने दलों का समीकरण बिगाड़ेंगे।

### डोंगरगांव-छुरिया-एलबी नगर में चार के बीच जंग, गंडई और छुईखदान में आमने-सामने की लड़ाई

नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद डोंगरगांव नगर पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में कुल चार प्रत्याशी शेष रह गए हैं। ऐसे ही डोंगरगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए 6, छुरिया नगर पंचायत अध्यक्ष बनने चार, एलबी नगर नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए 4 प्रत्याशी ही मैदान में शेष हैं। इधर अंबागढ़ चौकी नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए 4, छुईखदान नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए 2 और गंडई नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए कुल 2 प्रत्याशी चुनावी मैदान में शेष है।

# घर में छुपा रखी थी एमपी की शराब 250 पौवा जब्त, कोचिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट है। जिसके तहत मोहारा पुलिस ने खंडहर घर से मप्र निर्मित शराब जब्त कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। नगरीय निकाय चुनाव एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने व क्षेत्र में चुनाव शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष संपन्न कराने हेतु थाना डोंगरगढ़ एवं ओपी मोहारा पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों, संदिग्धों, चाकूबाज एवं अन्य असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्रवाई कर रही है।



आरोपी द्वारा छत्तीसगढ़ में नान ड्यूटी पेड शराब का अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु शराब रखना पाए जाने से उक्त शराब को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में शराब छोड़ने वाले अन्य आरोपी बिना नंबर की स्कॉर्पियो के चालक नंदकिशोर उर्फ नीतू वर्मा उर्फ छोटे कट्टी निवासी मोहारा का पता तलाश की जा रही है।

**250 पौवा शराब बरामद :** पुलिस के अनुसार 30 जनवरी को मोहारा पुलिस को ग्राम रूवांतला निवासी अजीत वैष्णव द्वारा अपनी एक खंडहर मकान में पांच खाकी रंग के कार्टून में मप्र निर्मित अंग्रेजी गोवा शराब अवैध रूप से बिक्री करने के लिए रखा हुआ है कि सूचना मिली। इस सूचना पर मोहारा पुलिस विधिवत कार्रवाई करते आरोपी अजीत वैष्णव 22 साल साकिन ग्राम रूवांतला के घर एवं उसके संरक्षण के उसकी बुआ के खंडहर घर की तलाशी लिया गया, जिस पर उसके बुआ के खंडहर घर में जिसका देखरेख अजीत वैष्णव करता है। जिसमें 5 खाकी रंग के कार्टून में मप्र निर्मित अंग्रेजी गोवा स्प्रीट स्मूथनेश व्हीस्की शराब प्रत्येक कार्टून में 50-50 नग, जिसमें प्रत्येक पौवा में 180-180 एमएल शराब भरी हुई जुमला 250 नग पौवा कुल मात्रा 45.000 बल्क लीटर कीमती 33750 रुपए मिला।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटें
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➔ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➔ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➔ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

# नांदगांव में 70 लाख क्विं आवक, खैरागढ़ में 40 एमएमसी जिले में 22 लाख क्विंटल धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले करीब ढाई महीने से जारी धान की सरकारी खरीदी 31 जनवरी को थम गई है। अंतिम अवधि तक जिले में 70 लाख क्विंटल धान की आवक देखने को मिली है। वहीं मोहला मानपुर जिले में 22 लाख और खैरागढ़ जिले में 40 लाख क्विंटल धान किसानों ने सरकार को बेचा है। धान बेचने वाले किसानों की संख्या भी लगभग 2.32 लाख रही।



इधर पंजीयन कराने के बाद भी अंतिम समय तक 15235 किसान धान बेचने के लिए उपार्जन केंद्रों तक नहीं पहुंचे। इनमें राजनांदगांव जिले के 6900, मोहला मानपुर जिले के 4015 और खैरागढ़ जिले के 4342 किसान शामिल हैं। ज्ञात हो कि भले ही तय टारगेट को पूरा नहीं किया जा सका हो, लेकिन पिछले साल के मुकाबले इस बार तीनों ही जिलों में अधिक धान की आवक देखने को मिली है।

**टारगेट से दूर रही खरीदी :** नांदगांव जिले में 7737560 क्विंटल धान खरीदी का टारगेट था। जिसमें 70 लाख क्विंटल धान ही खरीदा गया। खैरागढ़ में 4263510 क्विंटल का लक्ष्य के मुकाबले खरीदी 40 लाख क्विंटल हुई है। मोहला-मानपुर में 23 लाख क्विंटल खरीदी का टारगेट था, खरीदी 22 लाख क्विंटल हो चुकी है।

### ज्ञान यज्ञ समारोह शुरू

**राजनांदगांव।** संत सम्राट सद्गुरू कबीर त्रि-दिवसीय ज्ञान यज्ञ का आयोजन ग्राम सुरगी में 31 जनवरी से प्रारंभ हो गया है। जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में साध्वी ज्योति साहेब कबीर आश्रम सुठालिया राजगढ मप्र हैं। ज्ञान यज्ञ में आज पहले दिन बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। यह आयोजन 1 एवं 2 फरवरी को सुबह 11 से 1.30 बजे तक एवं दोपहर 3 से 5.30 बजे तक चलेगा। उक्त आयोजन को लेकर भक्तों में उत्साह का माहौल है।




### एमएमसी जिले के थे कांग्रेस अध्यक्ष

# कांग्रेस अध्यक्ष मानिकपुरी ने छोड़ी पार्टी सभी पदों से इस्तीफा, निर्दलीय लड़ेंगे चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव-मोहला

अंबागढ़ चौकी नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए कांग्रेस द्वारा टिकट काटे जाने से नाराज मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता और जिला अध्यक्ष के पद से पार्टी को इस्तीफा सौंप दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के नाम भेजा है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल मानिकपुरी ने राजनांदगांव में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते अपने इस्तीफा के माध्यम से कहा है कि उन्होंने बड़े दुखी मन से पार्टी छोड़ने का फैसला किया है। वह वर्ष 1988 से कांग्रेस के छात्र संगठन से जुड़कर अपनी राजनीति की शुरूआत की थी और आज नवीन जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद तक 36 वर्षों से कांग्रेस के निष्ठावान समर्पित कार्यकर्ता के रूप में पार्टी को तन-मन-धन से योगदान दिया है।

### लोकसभा-विधानसभा में दिलाई जीत



अनिल मानिकपुरी ने इस्तीफा में जिक्र किया कि लोकसभा चुनाव के दौरान उनके जिले के विधानसभा क्षेत्र मोहला-मानपुर से कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को 32 हजार की ऐतिहासिक लीड मिली। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी को अपने जिले के अंबागढ़ चौकी ब्लॉक के 69 मतदान केन्द्रों में लगभग सात हजार लीड दिलाने उन्होंने योगदान दिया। इसी तरह लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को अपने जिले से 48 हजार की प्रचंड लीड दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### सिर्फ संगठन मजबूत करने का दिया दायित्वः अनिल

श्री मानिकपुरी ने कहा कि मुझे लगता है पार्टी को मेरी आवश्यकता केवल संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाने एवं पार्टी को मजबूत करने के लिए ही रह गई है। उनके साथ वर्ष 2019 में सीएम हाऊस से फोन आने के नाम पर अन्याय हुआ और 2024 में पुनः पार्टी ने उन्हें विधानसभा के प्रबल दावेदार होने के बाद भी टिकट नहीं दिया।

### प्रतिनिष्ठा का ऐसा सिला!

अनिल मानिकपुरी ने कहा कि पार्टी की निष्ठा का उन्हें यह परिणाम मिला कि तेरे-मेरे के चक्कर में मेरी उनकी टिकट काट दी गई।

समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
डॉ. दीपिका जैन
बी.डी.एस., एम.डी.एस.
(आर्थोडोंटिक्स एवं डेन्टोफेशियल सर्जन)
फ्रेक्चर जबड़े का ईलाज
मुंह कम खुलने का उपचार
इम्प्लांट द्वारा फिक्सड दांत लगाना
सभी प्रकार के मुंह के कैंसर एवं छाले का उपचार
उपलब्ध सुविधाएं
सिंगल सिटिंग रूट कैनाल ट्रीटमेंट
टेढ़े-मेढ़े एवं बाहर निकले दांतों का उपचार (मेटल/सिरेमिक ब्रेसेस द्वारा)
ब्लीचिंग द्वारा दांत सफेद करना
लेजर/दांत के रंग की फिलिंग
दांत निकालना
आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा
- अपॉईंटमेंट हेतु संपर्क करें - 077443 56654
परामर्श समय :- सुबह 10 से शाम 7 बजे तक
बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड राजनांदगांव (छ.ग.)

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध: ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर
• सीने में भारीपन • धड़कन का कम या ज्यादा होना
• उच्च रक्तचाप, • चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक
• ब्लड शुगर, • थायराइड • कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन,
• चलने पर सांस फूलना, • पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व खराब होना आदि रोगों का उपचार.
• कंधों में जकड़न,
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

online Booking:-www.tripuryatra.com
चलो प्रयागराज पवित्र महाकुंभ 2025
नोट-महाकुंभ 2025 के डिलक्स, प्रीमियम पैकेज के लिए संपर्क करें
15, 16, 17 फरवरी 2025,
20, 21, 22 फरवरी 2025
-: सुविधाएं :-
स्पेशल स्लीपर बस, प्रयागराज (टेंट), नाश्ता, रात्रि भोजन, टूर गाइड
सहयोग राशि- 8100/-
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

कवर्धा नगरीय निकायों के लिए अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आबंटित

# किसी को स्लेट पट्टी, बैट, सिलाई मशीन, ब्लैक बोर्ड तो किसी को मिले अन्य चुनाव चिन्ह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को नगरीय निकायों के लिए अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आबंटित करने की कार्रवाई की गई। चुनाव चिन्ह आबंटन प्रक्रिया के तहत जहां भाजपा, कांग्रेस व आप के अधिकृत प्रत्याशियों को उनके पार्टी चिन्ह आबंटित किए गए वहीं अन्य उम्मीदवारों को स्लेट पट्टी, बैट, सिलाई मशीन, ब्लैक बोर्ड जैसे चुनाव चिन्ह आबंटित किए गए।

कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए 4 अभ्यर्थियों और सभी 27 वार्ड के पार्षद पद के लिए 71 अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आबंटित किया गया। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए अजय पाली को छाडू छाप, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी को कमल छाप, संतोष यादव उर्फ भक्कु को हाथ छाप व प्रकाश सिंह को स्लेट पट्टी छाप चुनाव चिन्ह आबंटित किया गया है। इसी तरह पार्षद पद के लिए वार्ड नंबर 01 से देवकुमार साहू को कमल फूल छाप, रतन साहू को हाथ छाप और दिलीप कुमार साहू को सिलाई मशीन छाप चुनाव चिंन्ह आबंटित किया गया है।

वार्ड नंबर 02 से धर्मेन्द्र बिन्नू महराज को हाथ छाप, उमंग पाण्डेय को कमल फूल छाप, वार्ड नंबर 03 से रामायण सिन्हा को हाथ छाप, योगेश चंद्रवंशी को कमल फूल छाप, वार्ड नंबर 04 से दीपक बंधैया को हाथ छाप, सौखीराम अहिरवार को कमल फूल छाप, वार्ड नंबर 05 से सीता को हाथ छाप, सुभिया उर्फ मुन्नीबाई को कमल फूल छाप, वार्ड नंबर 06 से डोनेश राजपूत दीनू को कमल फूल छाप, जाउद्दीन तवंर को हाथ छाप, रामेश्वर ठाकुर को सिलाई मशीन छाप, वार्ड नंबर 07 से आकाश केशरवानी को हाथ छाप, मनीष साहू को कमल फूल छाप, तारकेश सिन्हा दाउ को बैट छाप, तिलक झारिया को कुलर छाप, वार्ड नंबर 08 से दीपक ठाकुर को हाथ छाप, दुर्गेश कुमार अवस्थी को कमल फूल छाप, वार्ड नंबर 09 से दीपक सिन्हा को कमल फूल छाप, सुरेश वर्मा को हाथ छाप, हरिदास मानिकापुरी को सिंलाई मशीन छाप, कमलकांत सिन्हा को ब्लैक बोर्ड छाप, वार्ड नंबर 10 से अनिता धुर्वे को हाथ छाप, बिहारी राम धुर्वे को कमल फूल छाप, अभिषेक धुर्वे को आरी छाप, सुशीला बाई धुर्वे को नारियल पेड़ छाप, वार्ड नंबर 11 से जयंत कुमार जायसवाल को हाथ छाप, पवन कुमार जायसवाल को कमल फूल छाप, चितेन्द्र सिन्हा चिकू को नारियल पेड़ छाप, वार्ड नंबर 12 से चितरेखा वैष्णव को हाथ छाप, निलीमा सुरेन्द्र गुप्ता को कमल फूल छाप, सुषमा सोनू उपाध्याय को सिलाई मशीन छाप, विजय लक्ष्मी पाण्डेय को ब्लैक बोर्ड छाप, वार्ड नंबर 13 से जगदीश गुप्ता को हाथ छाप, मनोज कुमार गुप्ता को कमल फूल छाप, वार्ड नंबर 14 से मुकंद माधव कश्यप को हाथ छाप, शंभूप्रसाद देवांगन को कमल फूल छाप, अंजुम परवीन को ब्लैक बोर्ड छाप, वार्ड नंबर 15 से चित्ररेखा हरीश कुम्भकार को कमल फूल छाप, वर्षा रानी आनंद ठाकुर को हाथ छाप, वार्ड नंबर 16 से रूबी अशोक सिंह को हाथ छाप, सुरेखा राधेश्याम पाली को कमल फूल छाप, लक्ष्मी बाई बंजारे को सिलाई मशीन छाप, वार्ड नंबर 17 से धनकुवर गोप को हाथ छाप, रंजिता तिलक कुर्रे को कमल फूल छाप, वार्ड नंबर 18 से भीखम दास कोसले को हाथ छाप, भारती सतनामी को कमल फूल छाप, वार्ड नंबर 19 से किरण सोनी को कमल फूल छाप, श्रद्धा सौरभ नामदेव को हाथ छाप, वार्ड नंबर 20 से मनीषा अनिल साहू को कमल फूल छाप, तन्नू नामदेव को हाथ छाप, वार्ड नंबर 21 से जमेययतदीन खान को हाथ छाप, सनत साहू को कमल फूल छाप, सुरेन्द्र पाण्डेय को टेलीफोन छाप, वार्ड नंबर 22 से अजय ठाकुर को कमल फूल छाप, राजेश्वर धर दुबे को हाथ छाप, वार्ड नंबर 23 से डोगेन्द्र सेन को हाथ छाप, रिंकेश कुमार वैष्णव को कमल फूल छाप, वार्ड नंबर 24 से गुंजा मिलन तिवारी को हाथ छाप, रेखा हरीश साहू को कमल फूल छाप, वार्ड नंबर 25 से आरती कैलाश कौशिक को कमल फूल छाप, लीना साहू को हाथ छाप, वार्ड नंबर 26 से जितेन्द्र जैन को हाथ छाप, सुनील साहू को कमल फूल छाप, वार्ड नंबर 27 से हिरेश चतुर्वेदी को हाथ छाप, संजीव कुर्रे को कमल फूल छाप, मानिक बेलदार को सिलाई मशीन छाप, राजा जोशी को टॉर्च छाप, संतोष दिवाकर को नारियल पेड छाप चुनाव चिंन्ह आबंटित किया गया।

# चिमरा स्कूल में साप्ताहिक गतिविधियों का हुआ क्रियान्वयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शासकीय निर्देशन के परिपालन करते शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिमरा में 24 जनवरी को वंदे मातरम् दिवस के अवसर पर स्कूल में देशभक्ति के गीतों के साथ देशभक्ति के प्रेरक राष्ट्रगीत का स्वर वचन छात्रों ने हाथ में तिरंगा लेकर जय भारत के उद्घोष करते भारत माता की स्तुति की। वहीं 25 जनवरी राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर समस्त विद्यालय परिवार को सामूहिक शपथ दिलाई गई, 26 जनवरी गणतंत्र दिवस प्रतिवर्षानुसार की भांति हर्षोल्लास व धूमधाम से प्रभात फेरी निकालकर समस्त ग्रामवासियों को आमंत्रित कर ध्वजारोहण का कार्यक्रम सम्मान आयोजित किया गया।

वहीं 29 जनवरी शिक्षक-पालक बैठक प्रातः 9 से 11 तक समस्त पालकों को आमंत्रित कर अर्धवार्षिक परीक्षा और मासिक प्रगति रिपोर्ट समस्त बच्चों की उपलब्धि को विस्तृत रूप से बदलते हुए बच्चों से किसी अन्य काम न लेने अपील की गई एवं 30 जनवरी शहीद दिवस पर प्रातः 11 बजे स्कूल परिवार द्वारा मौन धारण कर देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि दी गई, वहीं स्कूली कार्यक्रम अंतर्गत प्रधान पाठक दिलीप सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास और सेनानियों के योगदान को सविस्तार बताया गया।

कार्यक्रम का संचालन दिलीप नागवंशी ने किया, शिक्षक विष्णु दत्त कौशिक ने साप्ताहिक गतिविधियों के क्रियान्वयन पर सक्रिय दायित्व का निर्वहन किया, शिक्षक शक्ति वन दास राय श्रीमती नीलिमा तिवारी, श्रीमती मालती चंद्रवंशी ने गतिविधियों की पूर्व तैयारी में सक्रिय भूमिका निभाई वहीं श्रीमती ज्योति खरे ने वंदे मातरम् दिवस, शहीद दिवस, देश की राष्ट्रीय एकता की सुंदरता पर सक्रिय सहयोग दिया तथा श्रीमती उषा मिश्रा, श्रीमती सुनीता ठाकुर एवं श्रीमती रतन शर्मा ने मुक्ति कार्यक्रम में अपना सहयोग दिया।

संकुल परिवार रौचन ने चिमरा पदस्थ सहायक शिक्षिका श्रीमती ज्योति खरे को 18 जनवरी कौशल विकास एवं जन सेवा समिति छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समझ में विशेष सम्मान से नवाजा गया। जिस पर संकुल परिवार ने इनके शिक्षा कला और समाज सेवा के क्षेत्र में सम्मानित होने इन्हें शुभकामनाएं दी।

# अभ्युदय स्कूल में 76वां संविधानोत्सव हर्षोल्लास के साथ मना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शिक्षा जगत में सिंद्धांत व व्यवहार का संगम अभ्युदय स्कूल में 26 जनवरी को देश का 76वां गणतंत्र दिवस डीएसपी श्रीमती मोनिका सिंह परिहार सहायक कमांडेंट 17 बटालियन कबीरधाम के मुख्य आतिथ्य एवं संस्था प्राचार्य मधुसूदन नायर एवं एकेडमिक हेड श्रीमती व्ही शोभा के उपस्थिति में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्रीमती परिहार ने अपने उद्बोधन में देश की एकता एवं अखंडता का सुन्दर चित्र उकेरा जिसमें हमारे कर्तव्यों व स्वतंत्रता सेनानियो के कार्यों को उल्लेख करते हुए, संविधान के प्रति हमारे उत्तरदायित्व का महत्व बताया। उन्होने अपने वक्तव्य में समानता के भाव को स्पष्ट करते हुए समन्वय को ही राष्ट्रीय एकता का मूलाधार बताया, इसके पूर्व विद्यालय के मुख्य द्वार पर विद्यालय के स्काउट गाइड की टीम के द्वारा मार्च पास्ट करते उनकी अगुवाई की गई एवं संस्था प्राचार्य व एकेडमिक हेड उपप्राचार्य द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत पुष्पगुच्छ व तिलक से किया गया। तत्पश्चात विद्यालय परिसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्रगान के रोमांचित जन-गण-मन से किया गया, तदुपरांत विद्यालय के नव-निहालो ने संचालन की बागडोर संभालते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम को अपने सारगर्भित एवं आकर्षक शब्दावली से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा और खूब तालियां बटोरी। उन्होंने संविधान के संप्रभुता कर्तव्य दायित्वों का उल्लेख करते हुए गणतंत्र का महत्व समझाया। इसके बाद संगीत कला के क्षेत्र में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से उत्कृष्ट व प्रसंशनीय कार्यों के लिए विद्यार्थियों को उनके अतुलनीय सहयोग हेतु अभ्युदय विद्यालय द्वारा प्रोत्साहित कर प्रसस्ति पत्र प्रदान किया गया, गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने कविता, भाषण, देशभक्ति गीत, प्रहसन एवं छतीसगढ़ी गीत प्रस्तुत किए। विविध इंद्रधनुषी वेशभूषाओ में सुसज्जित विद्यार्थी थें। वहीं कक्षा चौथी के छात्र संभवी अग्रहरि द्वारा सभी आगंतुको, विद्यार्थियों, शिक्षको के प्रति आभार किया।

# क्षेत्र के ग्रामीण किसान खेती-बाड़ी में व्यस्त

- गर्मी धान फसल खेती किसानी में जुटे क्षेत्र के ग्रामीण किसान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण किसान इन दिनों खेती किसानी में व्यस्त है। ग्रामीणो ने बताया कि क्षेत्र में गन्ना की कटाई छटाई के बाद वर्तमान में क्षेत्र के किसान गर्मी धान फसल की काम काज में व्यस्त है।

वहीं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन चुनाव को लेकर प्रत्याशियों द्वारा नाम दाखिल व फार्म जमा कर क्षेत्र में चुनाव को लेकर काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार मतदाताओं से मिलने व वोट मांगने के लिए एड़ी चोंटी लगाना होगा, क्योकि क्षेत्र के ग्रामीण किसान अपनी गन्ना व धान फसल की कटाई व मिजाई के बाद अरहर, चना गेंहू तथा गर्मी धान की उत्पादन खेती किसानी कार्य में जुट चुके है। वहीं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए मतदाताओं से संपर्क करने के लिए प्रत्याशियों को एड़ी चोंटी लगाना पड़ेगा।

## सूरजपुरा कला में श्री अखंड नवधा रामायण का भव्य आयोजन 3 फरवरी से




**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम सूरजपुरा कला-महली में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष अभी श्री अखंड नवधा रामायण का आयोजन 3 से 10 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। वहीं सात दिवसीय श्री अखण्ड नवधा रामायण के आयोजन को लेकर ग्रामीणों व आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों व भक्तजनों में भारी उत्साह व भक्तियम का माहौल बना हुआ है। वहीं आसपास क्षेत्र के मानस मण्डली टोलियों द्वारा श्रीराम नाम का कथा व भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा जिसमें भारी संख्या में उपस्थित होकर अपने जीवन को कृतार्थ करें। जिसमें प्रवचन कर्ता शत्रुहन साहू, आजू राम गबेल, पं योगेश शर्मा, सत्यव्रत चंद्राकर, रामलोचन तिवारी, अभिषेक शर्मा, सूर्यकांत तिवारी, कर्नल तिवारी द्वारा प्रवचन किया जाएगा। श्री अखण्ड नवधा रामायण का मुख्य यजमान श्रीमती राही मनहरण, आचार्य सागर प्रसाद शर्मा, उपआचार्य खुमादत्त तिवारी होगें। वहीं प्रत्येक मानस मंडली को श्रद्धालु की ओर से 301 रुपए दिया जाएगा, यह कार्यक्रम समस्त ग्रामवासी सूरजपुरा कला-महली द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

# क्षेत्र क्रमांक 17 से जनपद सदस्य के लिए छत्रकिशोर सानू तिवारी ने फॉर्म खरीदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम सोमनापुर निवासी छत्रकिशोर सानू तिवारी द्वारा जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 17 से नामांकन के लिए फॉर्म खरीदा। जिससे आसपास के क्षेत्र ग्राम सैहा-मालगी, सोमनापुर, भटरूसे, मोहतरा, निगापुर, कुआं-मालगी अमली-मालगी, महुआ-मड़वा, सेमरकोना, पथरी, कंझेटा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया। जिससे क्षेत्र में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है साथ ही साथ मतदाताओं में क्षेत्र क्रमांक 17 से नामांकन दाखिल करने पर समर्थकों व क्षेत्र में जोर शोर से चर्चा हो रहा है। वहीं लगातार गांव एवं क्षेत्र में मतदाताओं के साथ सीधे भेंट-मुलाकात व संपर्क किया जा रहा है, ताकि अपनी गांव व क्षेत्र के विकास कर सके।

## भानपुर में पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**हरिभूमि कवर्धा।** ग्राम भानपूर संकुल कोयलारी में 27 से 31 जनवरी तक पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दैनिक जीवन में हमे मोटापा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, थैयराईट, कमर दर्द, अपच कब्ज, मानसिक अवसाद अनिद्रा आदि गम्भीर बिमारियों से निजात पाई जा सकती है, योग के माध्यम से विभिन्न शारीरिक एवं मानसिक विकारो को नियंत्रित किया जा सकता है। योग प्रशिक्षक मनबोध यादव कोयलारी द्वारा समय प्रात 07 से 09 बजे तक आयोजक आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोयलारी में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों ने योग शिविर में लाभावित हुए।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

चुनावी प्रक्रिया के पहलुओं सहित आर्दश आचार संहिता के संबंध में जानकारी दी

# नगरीय निकाय के अभ्यर्थियों की बैठक आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के निर्देश पर अपर कलेक्टर डॉ मोनिका कौड़ों ने नगरीय निकाय के अभ्यर्थियों की बैठक ली। बैठक में निर्वाचन के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा किए जाने वाले कार्यो के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विनय पोयाम, श्री पैकरा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त सहित अभ्यार्थी, राजनैतिक दल के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में अपर कलेक्टर डॉ मोनिका कौड़ो ने अभ्यर्थियों को चुनावी प्रक्रिया के सभी पहलुओं के बारे में बताया और चुनाव प्रचार के दौरान लागू होने वाले नियमों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सभी को आदर्श आचार संहिता का पालन करना होगा। बैठक में चुनाव प्रक्रिया के दौरान होने वाली गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसमें मतदान, प्रचार-प्रसार, चुनावी खर्च और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी गई। अभ्यर्थियों को बताया गया कि चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने के लिए सभी को प्रशासन के निर्देशों का पालन करना आवश्यक होगा। अपर कलेक्टर डॉ मोनिका कौड़ो ने अभ्यर्थियों से यह भी अपील किया कि वे चुनावी प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक उम्मीदवार को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए चुनावी कार्यों को निष्पक्ष रूप से निभाना होगा।

## इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया

बैठक में बताया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के मतदान केंद्रों में मोबाइल फोन, कार्डलेस फोन, वायरलेस सेट एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। जिले में 2 नगर पालिका और 5 नगर पंचायतों में कुल 120 वार्ड हैं, जिनमें 78.817 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। नगर निकाय निर्वाचन के लिए 145 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें नगर पालिका कवर्धा में 52, पंडरिया में 18 तथा पाण्डातराई, पिपरिया, इंदौरी, बोड़ला व सहसपुर लोहारा की नगर पंचायतों में 15-15 मतदान केंद्र शामिल हैं। 11 फरवरी को मतदान होगा, जबकि 15 फरवरी को मतगणना और परिणामों की घोषणा की जाएगी। निर्वाचन व्यय सीमा के अनुसार नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए अधिकतम 8 लाख रुपए नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए 6 लाख रुपए निर्धारित है।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

### चुनाव: कौन किस पर पड़ेगा भारी, तय करेंगे नगरीय निकायों के मतदाता

# नगरीय निकाय के चुनावीरण में उतरे महारथियों में जंग शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के लिए प्रमुख राजनैतिक तथा सत्तारूढ़ दल भाजपा सहित विपक्षी दल कांग्रेस ने कवर्धा तथा पंडरिया नगर पालिका सहित पांचों नगर पंचायतों के चुनावीरण में अपने अध्यक्ष पद के रणवीर तथा पार्षद प्रत्याशियों की फौज उतार दी है और साम, दाम, दण्ड, भेद के हथियारों से लैस इन प्रत्याशियों के बीच चुनावी जंग छिड़ चुकी है। लेकिन कौन किस पर भारी पड़ेगा इसका इंतजार बाकी है।

उल्लेखनीय है कि एक के बाद एक भाजपा तथा कांग्रेस ने कवर्धा तथा पंडरिया नगर पालिका सहित जिले की नगर पंचायत बोड़ला, पिपरिया, सहसपुर लोहारा, पाण्डातराई, तथा इंदौरी से अपने अध्यक्ष पद तथा पार्षद प्रत्याशियों के नामो का ऐलान कर दिया है। कवर्धा नगर पालिका की बात की जाए तो अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त कोटे की इस सीट से जहां भाजपा ने अपने युवा कार्यकर्ता तथा शहर भाजपा अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर चुनाव मैदान में उतारा है वहीं प्रमुख विपक्षी दल ने कांग्रेस ने नपा के दो बार से पार्षद रहे संतोष यादव उर्फ भक्कू पर दांव खेल दिया है। माना जा रहा है कि दोनों ही प्रमुख राजनैतिक दलों के इन प्रत्याशियों की अपनी-अपनी खूबी और पहचान है इसलिए फिलहाल ये कह पाना की किसके हथियारों में ज्यादा धार है मुस्किल है। इसी प्रकार अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित जिले की दूसरी नगर पालिका पंडरिया की बात की जाए तो यहां सत्तारूढ़ दल ने अपनी सक्रिय कार्यकर्ता श्रीमती मंजूला देवी कुर्रे को चुनाव मैदान में उतारा है जबकि कांग्रेस ने नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रंजीता गायकवाड़ को दूसरी बार मौका दिया है। भाजपा और कांग्रेस की इन दोनो प्रत्याशियों में भी कांटे की टक्कर होने की संभावना बनी हुई है। दूसरी तरफ नगर पंचायत स. लोहारा की बात की जाए तो अनारक्षित मुक्त के लिए आरक्षित नगर पंचायत स. लोहारा से इस बार भाजपा ने संतोष मिश्रा को तो कांग्रेस ने सुभाष राजा जायसवाल को चुनाव मैदान में उतारा है। नगर पंचायत बोड़ला की बात की जाए तो अनारक्षित मुक्त के लिए आरक्षित इस नगर पंचायत से भाजपा ने एक बार के नगर पंचायत अध्यक्ष व तीन बार के पार्षद रहे बेहद अनुभवी विजय पाटिल को चुनाव मैदान में उतारा है इसी प्रकार कांग्रेस ने भी दो बार पार्षद व उपाध्यक्ष नगर पंचायत रह चुके संतोष अवस्थी पर दांव खेला है। ऐसे में माना जा रहा है कि दोनो ही प्रत्याशी एक दूसरे को टक्कर देने की स्थिति में है।

नगर पंचायत पाण्डातराई की बात की जाए तो पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित इस नगर पंचायत से भाजपा ने एक नए चेहरे सरीता सोनी को मौका दिया है जबकि कांग्रेस ने पार्षद सविता पाटस्कर को दूसरी बार मौका दिया है। अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित नगर पंचायत पिपरिया से भाजपा ने अपने बेहद पुराने और अनुभवी कार्यकर्ता घुरूवाराम साहू को मौका दिया है जबकि कांग्रेस ने अपने पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष महेन्द्र कुंभकार पर दूसरी बार भरोसा जताया है। यहां भी दोनो ही प्रत्याशियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है। जिले की नई नवेली नगर पंचायत इंदौरी में पहली बार चुनाव हो रहा है और इस बार अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित इस नगर पंचायत से भाजपा ने मित्रीन बाई महंगीलाल मांडले को चुनाव मैदान में उतारा है जबकि कांग्रेस ने श्रीमती परमिला कोसले पर दांव खेला है। यहां पहली बार हो रहे नगर पंचायत चुनाव को लेकर प्रत्याशियों के साथ ही मतदाताओं में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

### पार्टियों ने तय किए अपने-अपने मुद्दे




प्रमुख राजनैतिक दल भाजपा व कांग्रेस ने जिले के नगरीय निकाय चुनाव में अपने प्रत्याशी उतारने के साथ ही चुनावी मुद्दे भी तय कर दिए है। भाजपा जहां अपने सालभर में किए गए विकास कार्यो और योजनाओं को लेकर चुनावी मैदान में उतर रही है। वहीं भाजपा मतदाताओं को यह भी बताने से नहीं चूक रही है कि कैसे पिछली बार कांग्रेस काबिज नगरीय निकायों में विकास एवं निर्माण कार्यो के नाम पर भ्रष्टाचार का खेल खेला गया। दूसरी तरफ प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने भाजपा के भ्रष्टाचार को अपना प्रमुख हथियार बनाया है और वह इसी हथियार के दम पर जिले के नगरीय निकायों के चुनावीरण फतह करने की रणनीति बना रही है। इसके अलावा कांग्रेस पूर्व की भूपेश सरकार के विकास एवं निर्माण कार्यो के अलावा जनकल्याणकारी योजनाएं भी गिना रही है। कांग्रेस प्रत्याशी मतदाताओं के बीच इस बात को प्रमुखता से रख रहे हैं कि कैसे भाजपा की कब्जे वाले नगरीय निकायों में विकास के नाम पर भ्रष्टाचार का खुला खेल खेला जा है। अब देखने वाली बात होगी कि अपने-अपने मुद्दे और अपने-अपने हथियारों के दम पर इन राजनैतिक दलों के प्रत्याशी कितने मतदाताओं को अपने वोट के रूप में बदल पायेंगे।

# कवर्धा नपा के चुनावीरण से 11 ने छोड़ा मैदान



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर डॉ. मोनिका कौड़ो, कवर्धा एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक ने शुक्रवार को नगरीय निकायों के लिए अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आबंटित करने की कार्रवाई की। नाम वापसी के आखिरी दिन यानी 31 जनवरी 2025 को कवर्धा नगर पालिका के अंतर्गत कुल 11 पार्षद पद के अभ्यर्थियों ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। नाम वापसी की प्रक्रिया के तहत इन अभ्यर्थियों ने अपनी उम्मीदवारी वापस लेने का निर्णय लिया। नगरीय निकाय चुनाव में उम्मीदवारी वापस लेने वाले अभ्यर्थी में वार्ड क्रमांक 02 से कमलेश द्विवेदी, वार्ड क्रमांक 06 से जितेन्द्र चंद्रवंशी, वार्ड क्रमांक 14 से इमरान खान, वार्ड क्रमांक 21 से श्रीमती धनवंती (पिंकी) पाण्डेय, नसीमा खान, वार्ड क्रमांक 22 से दुर्गेश ठाकुर, अश्वनी सिंह ठाकुर, सुनील ठाकुर, वार्ड क्रमांक 23 से जियाउद्दीन, वार्ड क्रमांक 24 से श्रीमती रामकुमारी साहू और वार्ड क्रमांक 27 से अश्वनी कुमार बघेल ने अपनी उम्मीदवारी वापस ली है। इस कार्रवाई के बाद अब नगर पालिका चुनाव के लिए कुल अभ्यर्थियों की स्थिति स्पष्ट हो गई है।

### कवर्धा नगर पालिका के 27 वार्डो से कुल 86 उम्मीदवारों ने भरा था नामांकन

निर्वाचन आयोग द्वारा जिले की नगरपालिका कवर्धा के नगरीय निकाय चुनाव के लिए नामांकन दाखिले की अंतिम तिथि 28 जनवरी तक प्राप्त अध्यक्ष पद एवं पार्षद पदों के लिए प्राप्त नामांकन पत्रों के आंकड़े जारी कर दिए थे। जिला निर्वाचन अधिकारी जिला कबीरधाम से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक नामांकन दाखिले की अंतिम तिथि 28 जनवरी तक नगर पालिका परिषद कवर्धा के अध्यक्ष पद के लिए कुल 4 नामांकन दाखिल किए गए थे। इसी प्रकार कवर्धा नगर पालिका के कुल 27 वार्डो से कुल 86 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किए थे। लेकिन नाम वापसी के लिए निर्धारित अंतिम तिथि 31 जनवरी को नगर पालिका के विभिन्न वार्डो से कुल 11 उम्मीदवारों ने मैदान छोड़ दिया।

## खबर संक्षेप

### मतदान के लिए 3 दिन सार्वजनिक अवकाश


**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग महानदी भवन रायपुर ने एक आदेश जारी कर नगरीय निकाय तथा त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों के मद्देनजर सार्वजनिक अवकाशों की घोषणा की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ निकाय-पंचायत चुनाव में मतदान वाले दिन छुट्टी रहेगी। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, मतदान की तारीखों पर सार्वजनिक अवकाश रखा गया है। जिसमें 11, 17 और 20 फरवरी दिन सोमवार को अवकाश रहेगा। इसके साथ यह भी आदेश जारी किया गया है कि 23 फरवरी को भी मतदान संपन्न कराया जाएगा। हालांकि इस दिन रविवार है इस कारण अलग से अवकाश की घोषणा नहीं की गई है।

### आज भी जमा होगा नाम निर्देशन पत्र

**कवर्धा।** त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के लिए राज्य शासन द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार नामांकन प्रक्रिया जारी है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक 613, दिनांक 15 अक्टूबर 2024 के अनुसार, 1 फरवरी 2025 को सार्वजनिक अवकाश घोषित नहीं किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 1 फरवरी 2025 को नामनिर्देशन पत्र प्राप्त करने की कार्यवाही यथावत जारी रहेगी। अतः इस तिथि को नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया प्रभावित नहीं होगी।

# चुनावीरण से जोगी कांग्रेस ने किया किनारा, आप का सिर्फ एक अधिकृत प्रत्याशी घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा







बीते वर्ष सम्पन्न हुए विधानसभा चुनाव में मुंह की खाने के बाद अब देश की तीसरी राष्ट्रीय पार्टी कही जाने वाली आम आदमी पार्टी ने एक कवर्धा नपा के अध्यक्ष पद को छोड़कर इस बार कबीरधाम जिले की अन्य नगरीय निकायों से किनारा कर लिया है। आम आदमी पार्टी नें कवर्धा को छोड़ किसी भी नगरीय निकाय से अपने अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। यही स्थिति क्षेत्रीय जोगी कांग्रेस पार्टी का भी है। जोगी कांग्रेस भी इस बार नगरीय निकाय तथा त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में उतरने की हिम्मत नहीं जुटा पाई। संभवतः यही वजह है कि आम आदमी पार्टी की तरफ जोगी कांग्रेस ने भी न तो जिले के नगरीय निकायों से और न ही पंचायत, जिला पंचायत तथा जनपद पंचायत स्तरीय पर अधिकृत प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में नहीं उतारा है। माना जा रहा है कि बीते वर्ष सम्पन्न हुए विधानसभा चुनाव के पूर्व से ही आम जनमानस से कटे रहने के कारण ही इन दोनो ही पार्टियों को विधानसभा चुनाव में करारी सिकस्त मिली थी और आप तथा जोगी कांग्रेस के प्रत्याशियों की जमानत भी जप्त हो गई थी। यहां बताना लाजिमी होगा कि विधानसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद से लेकर अभी तक भी इन दोनों ही पार्टियों के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं का कोई जनसरोकार नहीं रहा है, जिसके कारण दोनो पार्टी नगरीय निकाय तथा पंचायत चुनाव के चुनावीरण में उतरने की हिम्मत नहीं जुटा पाई। इस स्थिति में अब जिले के अधिकांश चुनावी रणक्षेत्रों में भाजपा और कांग्रेस बीच सीधा मुकाबला देखने को मिलेगा। कुछ एक सीटों में जरूर स्वतंत्र प्रत्याशियों के चलते त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति बन सकती है।

### चित्रकला व रंगोली के माध्यम से बताया लिंगभेद का भाव

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें न्यायाधीश राहुल कुमार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में शुक्रवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंडरिया में आयोजित किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं द्वारा रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया गया। बच्चों द्वारा रंगोली में बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, लिंग भेदभाव, बालिका सुरक्षा व समानता, बालिकाओं की अवसर और भागीदारी को बढ़ावा देने, लिंग परीक्षण रोकथाम को बताया।

# पड़ोसी ने घर से पार किए दो लाख रुपए नकद व जेवरात आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कर्ज से परेशान युवक ने अपने ही पड़ोसी के घर में चोरी की घटना को अंजाम दे दिया । घटना की रिपोर्ट नजदीकी थाने में मालिकराम साहू पिता गणेशराम साहू आयु 32 वर्ष निवासी भिकुड़िया धमकी थाना कवर्धा, ने गत 30 जनवरी को थाना कवर्धा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रार्थी के मुताबिक घटना दिनांक की सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे के बीच अज्ञात आरोपी ने उसके घर में घुसकर 200000 रूपए नगद एवं लगभग 100000 रूपए मूल्य के सोने के आभूषण झुमका व सोने की पत्तियां चोरी कर ली। प्रार्थी की इस जानकारी पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए डॉग स्क्वाड को भी जांच में शामिल किया गया। डॉग स्क्वाड ने घटना स्थल से संबंधित पथ पर सूंघते हुए आरोपी के घर तक संकेत दिया, जिससे पुलिस को आरोपी तक पहुंचने में सफलता मिली। तकनीकी विश्लेषण और डॉग स्क्वाड की मदद से राजेन्द्र निर्मलकर को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिसमें उसने अपराध स्वीकार किया। आरोपी राजेन्द्र निर्मलकर ने बताया कि उसने पीड़ित से पूर्व में 80000 रूपए उधार लिए थे। जिसे चुकाने में असमर्थ होने के कारण उसने चोरी की योजना बनाई। आरोपी ने बताया कि 30 जनवरी 2025 को सुबह 10:30 बजे जब पीड़ित घर में ताला लगाकर खेत की ओर गया, तब आरोपी ने खिड़की के पास छुपाई गई चाबी निकालकर दरवाजा खोला और अंदर रखी अलमारी का ताला तोड़कर 200000 नगद, सोने के झुमके 2 नग एवं सोने की पत्तियां 5 नग चोरी कर लीं। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से जप्त 200000 नगद , सोने के झुमके 2 नग, सोने की पत्तियां 5 नग, अपराध में प्रयुक्त पेचकस जप्त किया है। वहीं आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया गया है। इस कार्यवाही में निरीक्षक लालजी सिन्हा थाना प्रभारी, कवर्धा, निरीक्षक मनीष मिश्रा साइबर सेल प्रभारी, सहायक उप निरीक्षक दर्शन साह, राजकुमार चंद्रवंशी, प्रधान आरक्षक खुबीराम साहू, आरक्षक आकाश राजपूत, महिला आरक्षक मधु सोनी, चालक आरक्षक विजय धुर्वे तथा डॉग स्क्वाड की प्रभावी भूमिका रही।

# रामकृष्ण स्कूल में मनाया गया शहीद दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्य तिथि मनाई गई। विद्यालय की प्राचार्या एम. शारदा के द्वारा गांधी जी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

तदुपरांत समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थियो ने 1 मिनट का मौन धारण कर गांधी जी को अपनी श्रद्धा सुमनरुपी श्रद्धांजली अर्पित किए। इस अवसर पर गांधी जी के जीवन वृत्त पर आधारित विविध गतिविधियों पर बच्चो के द्वारा प्रस्तुति दी गई। विद्यालय के प्राचार्या एम शारदा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं को अपने वक्तव्य के माध्यम से बच्चो के समक्ष प्रस्तुत किये। साथ ही साथ उनके अनमोल आदर्शों एवं विचारो का अपने जीवन में अमल करने की प्रेरणा भी दी उन्होने बताया की महात्मा गांधी ने कैसे सत्य, अहिंसा के बल पर असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह, दांडी मार्च जैसे आंदोलन से अंग्रेजो को चुनौती दी और देश को आजाद कराया। वही बच्चो ने कविता, गीत एवं उनके जीवन वृत्त पर आधारित प्रश्नोंत्तरी आदि की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. आदित्य चन्द्रवंशी एवं पूरे विद्यालय के सभी शिक्षकीय एवं गैर-शिक्षकीय स्टॉफ मौजूद रहे।

# 35वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा




भारत माता चौक में शुक्रवार को 35 वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह डीएफओ शशि कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र कुमार बघेल, डीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी, संजय ध्रुव, कृष्णा चंद्राकर, यातायात प्रभारी आरआई प्रवीण खलखो, कोतवाली थाना प्रभारी लालजी सिन्हा, साइबर सेल प्रभारी मनीष मिश्रा सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं जवान उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने एक फिर लोगों तथा वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित आवागमन की अपील की। इस अवसर पर 35 वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया गया।

### आगामी बोर्ड परीक्षा की तैयारी और स्कूल में चल रहे शिक्षण कार्यों की ली जानकारी

# कलेक्टर ने दुल्लापुर हायर सेकण्डरी स्कूल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



पंडरिया विकासखंड के ग्राम दुल्लापुर स्थित हायर सेकेण्डरी स्कूल का कलेक्टर गोपाल वर्मा ने निरीक्षण कर शैक्षणिक और आधारभूत व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों और प्राचार्य के साथ बैठक कर आगामी बोर्ड परीक्षा की तैयारी और स्कूल में चल रहे शिक्षण कार्यों की जानकारी ली। कलेक्टर ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि 15 फरवरी तक सभी विषयों का पाठ्यक्रम पूरा कर लिया जाए। इसके बाद छात्रों के लिए व्यवस्थित रूप से पाठ्यक्रम की रिवीजन कक्षाएं आयोजित की जाएं। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा के परिणाम बेहतर लाने के लिए शिक्षकों को अतिरिक्त प्रयास करना होगा। कलेक्टर ने बच्चों की पढ़ाई और उनकी स्थिति को समझने के लिए साप्ताहिक परीक्षा आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे छात्रों की कमजोरियों का आकलन किया जा सकेगा और उन्हें समय रहते सुधारने में मदद मिलेगी। कलेक्टर ने इस दौरान स्कूल के शौचालयों का भी निरीक्षण किया और उनकी साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राचार्य से कहा कि शौचालय हमेशा पूर्ण रूप से साफ-सुथरे रहने चाहिए। इसमें लापरवाई नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि स्कूल का अच्छा परिणाम सुनिश्चित करना सभी शिक्षकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। शिक्षकों को छात्रों को बेहतर शिक्षा देने और उनके संपूर्ण विकास के लिए तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने स्कूल के शिक्षकों को बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का निर्देश दिया। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो अवगत कराए जिससे उसका निराकरण करना सुनिश्चित हो सके। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी वाईडी साहू, सहायक संचालक एमके गुप्ता, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग मनोज पराते, तहसीलदार सुनील सोनपिपरे, जनपद सीईओ तरुण बघेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### समापन...




**कवर्धा।** नगर में सादा समारोह आयोजित कर किया गया 35वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन।

